
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

13 शहर के 2 दर्जन चौराहों पर ट्रैफिक स्मूथ करने...



14 जनता खाना गायब, ठंडा पानी महंगा... अफसर...



# किडनी एक्सचेंज कर महिलाओं ने बचाया एक-दूसरे का सुहाग, एम्स में पहला स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो महिलाओं ने अपनी किडनी एक्सचेंज कर एक-दूसरे के पति को नया जीवन दिया। बिलासपुर में रहने वाले दो व्यक्तियों का जीवन पिछले तीन साल से डायलिसिस के भरोसे चल रहा था। दोनों की पत्नियां किडनी देने को राजी थीं, मगर ब्लड ग्रुप अलग-अलग होने की वजह से प्रत्यारोपण नहीं हो पा रहा था। आपसी रजामंदी के बाद किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया पूरी हुई और दोनों मरीज अभी चिकित्सकों की निगरानी में हैं।

- बिलासपुर के हैं दोनों परिवार आपसी रजामंदी के बाद हुआ प्रत्यारोपण

अलग खबर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट का यह पहला मामला है। चिकित्सकों ने बताया कि बिलासपुर में रहने वाले 39 और 41 वर्षीय दो मरीज किडनी फेल्योर की समस्या से जूझ रहे थे। पिछले तीन साल वे डायलिसिस पर चल रहे थे। इलाज की खातिर प्रत्यारोपण ही विकल्प था। दोनों मरीज को उनकी पत्नी अपनी किडनी देने को तैयार थीं, मगर उनका ब्लड ग्रुप मैच नहीं कर रहा था। पहली जोड़ी का रक्त समूह बी और ओ पाजिटिव था, जबकि दूसरी जोड़ी का ओ और बी पाजिटिव था। एम्स के चिकित्सकों ने इस समस्या के समाधान के लिए स्वैप ट्रांसप्लांट की योजना बनाई, जिसमें ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पति को किडनी देने महिलाएं थीं राजी पर ब्लड ग्रुप नहीं हो रहा था मैच

### 50 फीसदी मामले रिजेक्ट, नोटो ने की सिफारिश

डॉ. विनय राठौर ने बताया कि लगभग 40 से 50 प्रतिशत जीवित किडनी दानदाता रक्त समूह या एचएलए एंटीबॉडी असंगति के कारण अस्वीकार कर दिए जाते हैं। स्वैप ट्रांसप्लांट उन रोगियों के लिए जीवन रक्षक विकल्प है, जिनके पास इच्छुक लेकिन असंगत दाता होते हैं। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सोटो छत्तीसगढ़ से विशेष स्वीकृति आवश्यक होती है। जरूरतों को देखते हुए 6 दिन पहले राष्ट्रीय अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन ने सभी राज्यों को पत्र लिखकर स्वैप ट्रांसप्लांट की योजना को क्रियान्वित करने की सिफारिश की है।



### स्वैप ट्रांसप्लांट का लंबा वक्त

यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा ने बताया कि स्वैप ट्रांसप्लांट एक जटिल प्रक्रिया है। एकल ट्रांसप्लांट करना अपेक्षाकृत सरल होता है, वहीं स्वैप ट्रांसप्लांट के लिए महीनों की योजना, चार ऑपरेशन थिएटर, चार एनेस्थेटिस्ट और चार ट्रांसप्लांट सर्जनों की एक साथ व्यवस्था करनी होती है। साथ ही यह सुनिश्चित करना होता है कि किडनी निकालने और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया एक साथ हो, ताकि कोई दाता अपना निर्णय न बदले।

छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

कश्मीर में फंसे लोगों ने हरिभूमि को सुनाई आपबीती, यात्रा अधूरी रहने का मलाल भी

# हमले के बाद पहलगाम में बढ़ाई गई सुरक्षा हजारों पर्यटक फंसे, छग के सैकड़ों शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलगाम में दोपहर हुए आतंकी हमले के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेरे में ले लिया है। कड़ी सुरक्षा की वजह से वहां सैकड़ों पर्यटक फंस गये हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के सैकड़ों लोग शामिल हैं। गोलीबारी के बाद पहलगाम की सीमा को सील कर दिया गया है, जिससे सड़कों पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। सुरक्षा का हवाला देकर पर्यटकों को रास्ते से ही लौटा दिया गया है।

कश्मीर में फंसे यात्रियों ने हरिभूमि को अपनी आपबीती सुनाई और सफर अधूरा रहने पर मलाल भी जताया। प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी ने बताया कि उनके साथ करीब 20 लोग कश्मीर यात्रा पर आए थे। मंगलवार को वे पहलगाम जा रहे थे, मगर शाम 4 बजे उन्हें करीब 10 किमी. पहले ही रोक दिया गया। सुरक्षा बलों ने कड़ी जांच के बाद आतंकी हमले की जानकारी देने के बाद उन्हें लौटने के निर्देश दिये। उस दौरान बड़ी संख्या में लोग पहलगाम की तरफ जा रहे थे, जिन्हें लौटाने की वजह सड़कों पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। चारों तरफ सुरक्षा बल के हथियारबंद जवान तैनात थे और वाहनों को रोककर कई तरह से पूछताछ कर रहे थे। सड़कों पर दौड़ रही सुरक्षा बल की गाड़ियों और सायरन की आवाज सन्नाटे को चीर रही थी। एक अन्य यात्री ने बताया कि पहलगाम में उन्हें रुकना था, मगर घटना के बाद उन्हें लौटा दिया गया। छुट्टी की यात्रा अधूरी रहने का मलाल उन्हें और उनके परिवार को हमेशा रहेगा। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी होने के बाद मन में थोड़ा डर है और वे जल्द से जल्द अपने घर लौटना चाहते हैं। इस बात की आशंका जताई जा रही है कि पहलगाम में काफी संख्या में पर्यटक फंसे हुए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के लोग भी शामिल हैं, जिनकी सलामती के लिये लोग दुआ कर रहे हैं।

## घटना के बाद पहलगाम की सीमा सील, सड़कों पर लंबा जाम, पर्यटकों को लौटाया गया



### प्रभावित हो सकता है पर्यटन

कश्मीर छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। गर्मी के दिनों में यहां से करीब 3 हजार पर्यटक छुट्टियां बिताने वहां पहुंचते हैं। मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद पर्यटन प्रभावित हो सकता है। अप्रैल के अलावा मई और जून तक वहां बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ की मौजूदगी दिखती है। इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों ने टिकट बुक कराया है, जो इस घटना के बाद अपना प्रोग्राम कैंसिल कराने पर विचार कर सकते हैं। दूसरी ओर ट्रैवल्स एजेंट फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष रमन जादवानी का कहना है कि कश्मीर में होने वाली घटनाओं का पर्यटन पर कोई बड़ा असर नहीं होता।

### शहर में बेचैनी का माहौल घनघनाते रहे फोन

पहलगाम में हुई गोलीबारी और उसमें राजधानी के एक कारोबारी के जख्मी होने की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद शहर में बेचैनी का माहौल बन गया। काफी संख्या में लोगों के कश्मीर में फंसे होने की वजह से उनके सगे-संबंधी सकुशल होने की जानकारी लेते रहे। जिनसे संपर्क हो गया, उन्होंने राहत की सांस ली, मगर जिनसे संपर्क नहीं हो पाया, उनकी बेचैनी बढ़ती गयी। इस घटना के बाद टिकट बुक करने वाले ट्रैवल्स कारोबारियों से भी लोग कश्मीर की स्थिति के बारे में जानकारी लेते रहे।

### समता कालोनी में माहौल गमगीन, कलेक्टर-एसएसपी पहुंचे

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में राजधानी के कारोबारी दिनेश मिरानिया की मौत के बाद समता कालोनी का माहौल गमगीन हो गया। गोली लगने की जानकारी मिलने के बाद कालोनी के लोग और रिश्तेदार उनके घर के समीप एकत्रित हो गये। घटना की जानकारी होने के बाद कलेक्टर डा. गौरव सिंह, एसएसपी डा. लाल उम्मेद सिंह, नगर-निगम आयुक्त समेत कई अधिकारी वहां पहुंचे। रिश्तेदारों से जानकारी लेने के बाद पहलगाम में फंसे दिनेश की पत्नी, पुत्र और पुत्री से फोन पर चर्चा कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। देर रात तक उनके घर के समीप लोगों की भीड़ जुटी रही।



# डूमरतराई में पांच मंजिला बनेगा थोक इलेक्ट्रानिक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम डूमतराई स्थित अपनी बेशकीमती 2 एकड़ खाली जमीन पर जी प्लस फाइव थोक इलेक्ट्रानिक बाजार का निर्माण कराएगा। इसमें इलेक्ट्रानिक व्यवसाय से जुड़े थोक कारोबारियों के लिए 120 दुकानें बनायी जाएंगी। 105 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने नगर निगम म्यूनिसिपल बांड जारी कर आवश्यक राशि जुटाएगा। जी प्लस फाइव व्यावसायिक परिसर पूरी तरह से हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा। यही नहीं, मार्केट में आने-जाने वालों के लिए हाइड्रोलिक पार्किंग की सुविधा रहेगी।

- निगम की 2 एकड़ जमीन पर 105 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट
- हाइड्रोलिक पार्किंग, सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेगा परिसर, लिफ्ट की सुविधा

राजधानी के आउटर में स्थित डूमतराई थोक बाजार के पास नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर थोक इलेक्ट्रानिक कमर्शियल मार्केट ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 167 करोड़ के म्यूनिसिपल बांड का है हिस्सा

सामान्य सभा में नगर निगम द्वारा अतिरिक्त आय के स्त्रोत जुटाने 2 अलग-अलग प्रोजेक्ट में 167 करोड़ के निगम बांड लाने का प्रस्ताव सदन में बहुमत के आधार पर पहले ही पारित हो चुका है। डूमतराई में प्रस्तावित थोक इलेक्ट्रानिक मार्केट इसका एक हिस्सा है। इसमें 105 करोड़ की राशि निगम बांड से ली जाएगी।

### पीपीपी मॉडल पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर की रही योजना

नगर निगम जोन 10 क्षेत्र में डूमतराई मार्केट में नगर निगम की 2 एकड़ जमीन सालों से खाली पड़ी है। पूर्व में इस जमीन पर पीपीपी मोड पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनाने की योजना रही। इसके लिए नगर निगम द्वारा सर्वे भी कराया गया, पर बात नहीं बनी। डूमतराई थोक बाजार का विस्तार होने के बाद इस बेशकीमती जमीन पर अब थोक इलेक्ट्रानिक मार्केट बनेगा।

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा की टक्कर से घायल की मौत, केस दर्ज

रायपुर। सिविल लाइन पुलिस ने एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की मौत के मामले में एक ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 13 अप्रैल की है। एक ई-रिक्शा ने दूसरे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र सिंह 41 वर्ष निवासी कृष्णा नगर को गंभीर चोट लगने से डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध धारा 106 बीएसएन के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### साढ़े आठ लाख का फूटा चना लेकर ट्रक ड्राइवर फरार

रायपुर। विधानसभा पुलिस ने एक ट्रक ड्राइवर के खिलाफ लाखों रुपए कीमत का फूटा चना लेकर फरार होने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी संतोष राजपाल निवासी ग्राम जरौदा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपने ट्रक में 383 बैग फूटा चना को लोड कराकर प्रतापगढ़ यूपी के लिए रवाना किया था। चना की कीमत 8 लाख 52 हजार 240 रुपए है। ट्रक चालक सैयद फरहात ने यह चना गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचाकर उसे लेकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 316-3 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार, केस दर्ज

रायपुर। शादी का प्रलोभन देकर एक युवती से शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी करने से इनकार करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामला खमतराई थाना क्षेत्र का है। पीड़ित युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय मोर्या और उसके बीच प्रेम प्रसंग था। अजय ने उसके साथ शादी करने का झूठा नाटक कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद युवती ने जब शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो उसने इनकार कर दिया। पुलिस ने धारा 376 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पाइप के सहारे चढ़कर मकान में चोरी

रायपुर। सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ उसके मकान से 10 हजार रुपए से ज्यादा कीमत के दो नग रसोई गैस सिलेंडर, एसी का सामान तथा तथा अन्य घरेलू वस्तु चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौबे कालोनी निवासी चित्रांस त्रिपाठी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। चित्रांस ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर पाइप के सहारे मकान के ऊपरी माले में चढ़ गया और रसोई गैस सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया।

# राजधानी की गर्मी ने तोड़ा दस साल का रिकार्ड, रायपुर के साथ बिलासपुर और दुर्ग भी लू की चपेट में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को राजधानी में पड़ी गर्मी ने पिछले दस साल के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है। रायपुर के साथ बिलासपुर और दुर्ग संभाग के कई जिले लू की चपेट में आ चुके हैं। आज शहर का सर्वाधिक तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया, जो रिकार्ड 44.2 से अधिक है। अभी अप्रैल की गर्मी चरम पर है और तापमान में और बढ़ोतरी होने के आसार भी हैं।

- 44.4 डिग्री तक पहुंचा रायपुर का तापमान, 44.2 का था रिकार्ड
- शहर में अप्रैल की गर्मी चरम पर तापमान और बढ़ने के आसार

राजधानी रायपुर समेत प्रदेश का मध्य इलाका और बिलासपुर संभाग समेत उत्तरी गर्मी की वजह से झुलस रहा है। दोनों हिस्सों के शहरों में तापमान स्थिर होने के बजाए और चढ़ रहा है। दिन में सूरज की गर्मी से धरती इतनी गर्म हो रही है कि रात होने के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को शहर में गर्मी के प्रकोप ने अपने पिछले सारे रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। रायपुर में पिछले दस ▶▶|शेष पेज 13 पर

### बस्तर में पड़ सकते हैं छींटे

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास विस्तारित है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बिहार के ऊपर बना हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम बिहार से छत्तीसगढ़ होते हुए बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। इसके असर से बस्तर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### प्रमुख शहरों का तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| रायपुर | 44.4 | अंबिकापुर | 41.2 |
| माना | 43.9 | जगदलपुर | 39.4 |
| बिलासपुर | 43.5 | दुर्ग | 43.5 |
| पेंड्रा | 42.7 | | |

# मनोरोग व पैथोलॉजी विशेषज्ञ संग काउंसिलर की भर्ती करेगा पीएससी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएससी द्वारा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत 21 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसमें मनोरोग विशेषज्ञ के 6 पद, पैथोलॉजी विशेषज्ञ के एक पद, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के 12 पद एवं काउंसलर मनोरोग के 2 पद शामिल हैं। सीधी भर्ती प्रक्रिया के तरह ये नियुक्तियां होंगी। आवेदन प्रक्रिया 28 अप्रैल से प्रारंभ होगी। अभ्यर्थियों को 27 मई तक का समय इसके लिए दिया जाएगा। चयनित कैंडिडेट्स को 3 साल की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाएगा। योग्यता, वेतनमान सहित अन्य विस्तृत जानकारी ▶▶|शेष पेज 13 पर

- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत 21 पदों पर निकाली गई भर्ती

### उप अभियंता भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

व्यापम द्वारा उप अभियंता भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत सिविल इंजीनियर के 118 पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं विभागीय यांत्रिकी के 10 पदों पर भी इस भर्ती परीक्षा के माध्यम से भर्ती होगी। अभ्यर्थियों को रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एसएमएस भी प्रेषित किए गए हैं। इसमें दिए गए यूआरएल पर क्लिक करके भी अभ्यर्थी प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।


# 108 एंबुलेंस के बाद मोबाइल मेडिकल यूनिट के टेंडर पर भी उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

108 एंबुलेंस के बाद पीएम जनमन और ग्रामीण मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन के लिए जारी टेंडर के नियमों पर भी सवाल लगे हैं। स्थानीय कंपनियों का आरोप है कि सीजीएमएससी के अधिकारियों ने तीन तरह के टेंडर के लिये ऐसा नियम बनाया है, जिसमें चहेती कंपनी फिट हो और बाकी बाहर हो जाये।

सीजीएमएससी के माध्यम से होने वाला लगभग सभी काम विवादों से घिरा होता है। इस बार 108 एंबुलेंस के साथ प्रधानमंत्री जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट, ग्रामीण मोबाइल मेडिकल यूनिट और हाट बाजार को लेकर जारी टेंडर चर्चा का विषय बना हुआ है। टेंडरों के जानकार इसके लिए निर्धारित किये गए नियम को लेकर विभिन्न तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं। साथ ही जारी किये गए टेंडर में तय नियम ▶▶|शेष पेज 13 पर

## सीजीएमएससी का टेंडर घोटाला, तीन ठेके के लिये बना दिया एक नियम



### बार-बार टेंडर रद्द

सूत्रों के अनुसार जारी किये जाने वाले टेंडर में बार-बार उन्हीं शर्तों को शामिल किया जाता है, जिसमें कई कंपनियां पूरी नहीं कर पातीं। बाद में पर्याप्त बोलियां नहीं आने का हवाला देकर टेंडर को रद्द कर दिया जाता है। जानकारों का तर्क है कि अगर शर्तें इतनी सख्ती हैं, तो इसमें शिथिलता लानी चाहिये। बार-बार टेंडर रद्द होने और पुनः उन्हीं शर्तों को शामिल करना दूसरी तरफ इशारा करता है।

### पीएम जनमन में नियमों की अनदेखी

सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन योजना में स्पष्ट है कि एमएमयू संचालन के लिये सेवा प्रदाता से सॉफ्टवेयर निर्माण की अपेक्षा नहीं की जाती है। मानकों के अनुसार परियोजना वास्तविक जरूरतों के अनुरुप हो और प्रतिस्पर्धा को सीमित ना करे। इसके बाद भी सीजीएमएससी ने अपने टेंडर में इस शर्त को शामिल किया है।

# 10 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा पुलिस ने दो युवकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को 21 अप्रैल की शाम को सूचना मिली कि भाठागांव स्थित बस स्टैंड के पीछे सुलभ शौचालय के पास दो युवक अपने पास गांजा रखे हुए हैं। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसमें 10 किलो गांजा भरा हुआ था। पूछताछ में आरोपी की पहचान जैद कुरैशी 27 वर्ष एवं शेख रिजवान 21 वर्ष के रूप में की गई है। दोनों के विरुद्ध धारा नार्कोटिक्स 20बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

- आरोपी की पहचान जैद कुरैशी एवं शेख रिजवान के रूप में हुई

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### श्वेता विश्वकर्मा ने संभाला जोन 7 अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने मंगलवार को अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद जोन अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर जोन कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई देने नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, सांसद प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, वित्त विभाग अध्यक्ष महेंद्र खोडियार, जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी, स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, सनत बैस, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू सहित सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा की आज विचार गोष्ठी पूर्व मंत्री निशीथ मुख्य वक्ता

**रायपुर।** भाजपा ने राजधानी के अटलबिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया, कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे।

### प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने महापौर से की मुलाकात

रायपुर। महापौर मीनल चौबे से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय ऐडे सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर महापौर को 6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। इसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निगम के माध्यम से सीधे वेतन भुगतान कराने की मांग की गयी। प्रमुख मांगें इस तरह -प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर से सीधे वेतन का भुगतान हो। प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाये। सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों का पहचान पत्र कार्ड बनाया जाये। कलेक्टर दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाये, वेतन कर्मचारी के बैंक खाते में ही किया जाये। प्लसमेंट कर्मचारियों से कार्यालयिन समय अवधि में ही कार्य लिया जाये। प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए शासन से स्वीकृत सेटअप अनुसार ही कर्मचारी रखा जाये। पदाधिकारियों से चर्चा के बाद महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकारात्मक पहल करने आश्वस्त किया।

### राहुल की आवाज से भाजपा नहीं कांग्रेसी ही डरते हैं : श्रीवास्तव

**रायपुर।** भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत अपनी केंद्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए जो तथ्य रखने का प्रयत्न कर रही हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह तथ्य अगर वह कोर्ट में प्रस्तुत कर उसे सहमत कर ले, तो ही लाभ होगा, हां उनके पक्ष में बोलकर वे स्वयं स्वामी भक्ति का लाभ जरूर अर्जित कर ले रही हैं। उनको यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए, राहुल गांधी की आवाज से बीजेपी मोदी सरकार नहीं, बल्कि कांग्रेसी ही डरे रहते हैं।
श्री श्रीवास्तव ने पूछा, सुप्रिया जी ने कहा, ईडी के जितने मामले हैं वह विपक्ष के खिलाफ ही दर्ज हुए हैं।

---

सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में पूर्ण करें

# एआई और नवीन तकनीक के उपयोग से खराब सड़कों का करें चिन्हांकन व मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा।

#### बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करें

श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

#### पांच-छह महीनों में होंगे ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

#### तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ के सड़क विकास के कार्यों पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा।

---

## पीएमश्री अरुंधती देवी स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पीएमश्री अरुंधती देवी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल आरंग में 22 अप्रैल के दिन विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्राचार्य हरीश शर्मा ने कहा पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद पर्यावरण संरक्षण की तरफ सभी का ध्यान खींचना और यह कोशिश करना है कि सभी पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में योगदान दें। यह हर पीढ़ी की जिम्मेदारी बनती है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और खुशहाल पृथ्वी बनाए रखे। एसएमडीसी अध्यक्ष खिलेश धुरन्धर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देना, पर्यावरण को सुरक्षित रखना, पर्यावरण संरक्षण में आने वाली चुनौतियों से लड़ना, लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके बताना, जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखना, वनों की कटाई को रोकना, प्रदूषण कम करने की तरफ कदम बढ़ाना और पृथ्वी के हित में कार्य करने के लिए सभी को जागरूक करना ही इस दिन को मनाने का मकसद है। इस अवसर पर सुबह पर्यावरण जागरूकता को लेकर विद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता पी मार्टिन एवं लोकेश्वर साहू ने महती भूमिका निभाई। इको क्लब प्रभारी रेणुका वर्मा एवं सह प्रभारी वल्लभ ने सबके प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है।

---

## प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेंगी। 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी। 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। श्री बैज ने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम शामिल रहे।

#### हम लड़ने के लिए एकजुट : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट हैं। हम इस देश के गरीबों के लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे। उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

---

## हीरा ग्रुप ने थामा टीबी मरीजों का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा




मुख्यालय धरसींवा ब्लॉक में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निश्चय पोषण योजना के तहत हीरा ग्रुप गोदावरी पावर एवं इस्पात, सिलतरा द्वारा 60 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार प्रदान करने की पहल एक सराहनीय कदम है। यह घटना न केवल कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) की भावना को दर्शाती है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर टीबी उन्मूलन के प्रयासों को भी महत्वपूर्ण बल प्रदान करती है। बता दे कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य 2025 तक देश को तपेदिक (टीबी) से मुक्त करना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को चला रही है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण योजना है - निश्चय पोषण योजना। इस योजना के तहत, टीबी रोगियों को उपचार के दौरान बेहतर पोषण सहायता प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, हीरा ग्रुप की इकाई गोदावरी पावर एवं इस्पात, जो कि धरसींवा विकासखंड के सिलतरा में स्थित है, ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए 60 टीबी मरीजों को गोद लिया है। कंपनी ने इन मरीजों को नियमित रूप से पौष्टिक आहार प्रदान करने का संकल्प लिया है। यह पहल न केवल मरीजों को शारीरिक रूप से मजबूत करने में मदद करेगी, बल्कि उनके उपचार की सफलता दर को भी बढ़ाने में सहायक होगी।

---

## सशिमं नेवरा का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं का सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुष्पराज वर्मा समाजसेवी, मोटिवेशनल स्पीकर, इनफ्लुएंसर, अध्यक्षता घनश्याम अग्रवाल समाजसेवी एवं उद्योगपति, विशिष्ट अतिथि देवव्रत शर्मा जनपद सदस्य सभापति तिल्दा, समिति अध्यक्ष गोपाल चंद अग्रवाल, सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, प्राचार्य वासुदेव साहू ने मां भारती, मां सरस्वती एवं ओमकार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

प्राथमिक विभाग परीक्षा प्रमुख खिलेश्वरी वर्मा ने वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया की कक्षा प्रथम से चतुर्थ तक का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा विभाग प्रमुख श्री प्यारे लाल वर्मा ने माध्यमिक एवं उच्चतर कक्षाओं की परीक्षा वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि कक्षा षष्ठ एवं सप्तम का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। पूरे विद्यालय का परीक्षा फल 88.33 प्रतिशत रहा। प्राचार्य श्री वासुदेव साहू ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त भैया बहनों को तथा सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति वाले भैया -बहनों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया । कक्षा प्रथम में प्रथम मीरा निषाद, द्वितीय तेजस्विनी मानिकपुरी, कक्षा द्वितीय में प्रथम किशन शुक्ला, द्वितीय राजीव निषाद, कक्षा तृतीय में -प्रथम रागिनी साहू, द्वितीय धनंजय चक्रधारी, कक्षा चतुर्थ में -प्रथम सिद्धांत वर्मा, द्वितीय यामिनी वर्मा,कक्षा षष्ठ में प्रथम पंखुड़ी साहू, द्वितीय काजल डहरिया, कक्षा सप्तम में-प्रथम सानवी सोनी, द्वितीय प्रकाश वर्मा, कक्षा नवम में-प्रथम सोनाक्षी सोनी रहा।

प्यारेलाल वर्मा ने कंप्यूटर शिक्षा में स्थान प्राप्त भैया बहनों का नाम घोषित किया, साथ ही मेधावी छात्र प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री वासुदेव साहू ने सभी भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में प्रारंभ होने वाली प्ले स्कूल की जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियो, नगर के गणमान्य नागरिको, आचार्य दीदीयो, भैया बहनों का आभार ज्ञापित किया।

---

## उप पंजीयक के आदेशों से समितियों के प्रबंधकों में बढ़ी मानसिक चिंताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सहकारी समितियों में धान खरीदी पूर्ण होने के बाद खरीदी एवं उठाव के स्टॉक में अंतर को लेकर समिति प्रबंधकों के विरूद्ध प्रथम प्राथमिकी दर्ज करने उप पंजीयक द्वारा बार -बार आदेश को लेकर समितियों के प्रबंधक मानसिक रूप से व्यथित है। इस संबंध में समिति के प्रबंधकों से चर्चा करने पर बताया गया कि धान खरीदी प्रारंभ में ही बफर लिमिट से कई गुना अधिक धान सोसाटियों में जाम हो चुका था किसानों से धान खरीदी के दौरान धान में नमी की मात्रा 16-17 प्रतिशत रहती है। धान खरीदी के लगभग दो महीने बाद धान का उठाव किया गया है उस समय धान सूखकर नमी की मात्रा 12 प्रतिशत तक आ गई थी, डिलवरी आर्डर कटने के बाद भी मील मालिको द्वारा अपनी व्यवस्था के अनुसार महीने, डेढ़ महीने बाद ही धान का उठाव किया गया,जबकि नियम के अनुसार डिलवरी आर्डर कटने के 10 दिन के अंदर ही धान का उठाव करना रहता है,धान खरीदी के लिए शासन स्तर पर टीम गठित होती है,जिसमे जिला सहकारी बैक,राजस्व विभाग,कृषि विभाग खरीदी के दौरान सभी व्यवस्थाओ की भौतिक सत्यापन करती है इसमे स्टॉक से लेकर सभी चीजे सम्मिलित होती है,धान का उठाव नही होने के संबंध मे भी समय समय पर शासन स्तर पर जानकारी दी गई है खरीदी केन्द्रों से धान का सही समय से उठाव नहीं होने कारण 3-4 प्रतिशत धान में सूखत आ जाती है, शासन जिस धान की कमी को समिति प्रबंधको को दोषी मान रही है वास्तव में वह सूखत का सार्टेज है, धान की सूखत की मात्रा को समिति प्रबंधकों द्वारा किसी भी स्थिती मे भरपाई कर पाना संभव नहीं है। इस संबंध में सामूहिक रूप से समिति प्रबंधकों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है फिर भी उप पंजीयक द्वारा बार बार एफआईआर दर्ज करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजा जा रहा है जिससे समिति प्रबंधक मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं।

■ धान में नमी की मात्रा 16-17 प्रतिशत रहती है

---

## सिवनी में पोषण पखवाड़ा समापन सास-बहू की जोड़ी को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



सेक्टर नवागांव अंतर्गत ग्राम सिवनी में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. कुम्भकार द्वारा 1000 दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एएनएम दीदी द्वारा डायरिया प्रबंधन एवं ओआरएस घोल के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, किशोरी बालिका का रंगोली प्रतियोगिता, विभिन्न व्यंजनों एवं भाजियों के साथ ऊपरी आहा सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर गोदभराई व अन्नप्रासन कराया गया। स्वस्थ शिशु, फैंसी ड्रेस, बालिकाओं के ग्रुप डान्स के साथ-साथ बेस्ट सास-बहु की जोड़ी को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग की सयुंक्त संचालक मैडम लाल, डीपीओ शैल ठाकुर, परियोजना अधिकारी प्रीति मिश्रा, ग्राम सरपंच कुलेश्वरी चंद्राकर, पंचगण, स्वास्थ्य विभाग से मितानिन, एएनएम, डॉक्टर, समूह की महिलाये, सेक्टर पर्यवेक्षक ममता गायकवाड़, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

## महादेव सट्टा एप मामले में तिल्दा नेवरा के कई सटोरिए गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** ऑनलाईन सट्टे के खिलाफ पुलिस ने कड़ा अभियान चलाया है। कई सटोरियों की गिरफ्तारी की गई है एवं उनके निशानदेही पर कार्रवाई जारी है। बता दे ऑनलाइन सट्टा का हब तिल्दा नेवरा बन चुका है।

साइबर सेल की टीम ने पिछले दिनों तिल्दा नेवरा निवासी एक सटोरिया ऋषभ तलरेजा को गिरफ्तार किया था पुलिस सूत्रों के अनुसार वह जिसके सट्टे का कारोबार करता था उसका नाम पुलिस को बता दिया था।

उसके बाद बड़ा सटोरिया शहर से भूमिगत हो गया है, साथ ही उसके कुछ अन्य गुर्गे भी शहर में नहीं है। तिल्दा नेवरा के आसपास के गांव के कुछ लोग भी भूमिगत हो गए है। बता दे ऑनलाईन सट्टे का कारोबार तिल्दा नेवरा में बेखौफ चल रहा है, सूत्रों के अनुसार कुछ सफेदपोश लोग इसे अंजाम दे रहे है। अपनी राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल कर ऐसे लोग पुलिस से भी नहीं डरते। यही वजह है कि तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र ऑनलाइन सट्टे का हब बन चुका है, बच्चे भी इसकी गिरफ्त में है।

---

हर दिन हजारों लोगों उपलब्ध करा रहें ठंडा जल

# पीपला ने पिलाया 800 लोगों को नींबू शर्बत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मंगलवार को पीपला फाउंडेशन के सदस्यों ने भीषण गर्मी को देखते हुए आरंग के बस स्टैंड में करीब 800 से अधिक लोगों को नींबू, पदिना व जलजीरा का शर्बत पिलाया। फाउंडेशन की इस पहल को राहगीरों और लोगों ने मुक्त कंठ से सराहा। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्यों ने लोगों को जल ही जीवन है/" का संदेश दिया।साथ ही जल के महत्व बताते हुए गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीते रहने को प्रेरित किया। वहीं अंचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक गोविंदा साहू पहुंचकर फाउंडेशन द्वारा हर दिन नए रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा/" गीत गाकर शमा बांधा। जो राहगीरों के लिए आकर्षण केन्द्र बना रहा। साथ ही जनमानस से पीपला फाउंडेशन जैसे सेवाभावी संस्था को बढ़-चढकर सहयोग करने की अपील किए।

#### लोगों को नियमित ठंडा पेयजल जल उपलब्ध करा



यात्रियों ने शासन-प्रशासन से बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर शुद्ध डंठा पेयजल की व्यवस्था करने की मांग किए। जिससे लोगों को गर्मी में सुलभता से ठंडा जल उपलब्ध होते रहे। ज्ञात हो कि यह संस्था जलदान महाअभियान मुहिम के तहत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी मूक जानवरो के लिए जगह-जगह जलपात्र रख तथा महासमुंद में एक व आरंग में चार जगहों पर वाटर कूलर लगाकर लोगों को नियमित ठंडा पेयजल जल उपलब्ध करा रहें हैं। वहीं आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा ने पीपला द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों की सराहना किए हैं। शर्बत वितरण में फाऊंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल, संयुक्त सचिव संजय मेश्राम, सक्रिय सदस्य, रमेश देवांगन, डुमेन्द्र साहू, अभिमन्यु साहू, कोमल लाखोटी, मोहन सोनकर, तेजराम यादव, डिगेश्वर साहू ने अहम भूमिका निभाई।

---

## अटल विहार को नगर पालिका आरंग में सम्मिलित करने की मांग

**आरंग।** हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कालोनी आरंग के सीमावर्ती क्षेत्र अटल आवास, दीनदयाल कालोनी जो पूर्व में गृह निर्माण मंडल के अधिनस्थ था तथा ग्रामीण क्षेत्र ओड़का को नगर पालिका परिषद आरंग में सम्मिलित किया जा चुका है। अटल विहार कालोनी तीनों क्षेत्रों के मध्य स्थित है। अटल विहार कॉलोनी क्षेत्र वार्ड क्र 13 के परिसीमन से जोड़ा गया है और मताधिकार का लोकतंत्र के हित में आमजन अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। किंतु इसे नगरपालिका क्षेत्र से अभी तक पृथक रखा गया है। जिससे मूलभूत सुविधाओं से कालोनीवासी को उपेक्षित होना पड़ रहा है तथा अमुलचूल दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। आये दिन कालोनी में बिजली एवं पानी की विकराल समस्य बना रहता है। कालोनीवासियों की सुविधा के लिए गृह निर्माण मंडल द्वारा कम्युनिटी हाल निर्माण किया गया है, वह भी जर्जर स्थिति में है तथा आम जन के उपयोग के अनुकूल भी नहीं है। गृह निर्माण मंडल द्वारा मकान बेचते समय विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना बताया गया था, लेकिन कालोनी में लगभग 10 वर्षों से बसावट पूर्ण होने जा रहा हैं। अभी तक गृह निर्माण मंडल द्वारा रहवासियों को कोई विशेष सुविधा नहीं दिया जा रहा है। उक्त स्थिति एवं कालोनीवासियों के विचारों को देखते हुएं कालोनी के अध्यक्ष संजय चन्द्राकर ने हाउसिंग बोर्ड अटल विहार कालोनी आरंग को नगरपालिका परिषद आरंग में सम्मिलित करने तथा आमूलचूल सार्वजनिक सुविधाओं के लिए विधायक गुरु खुशवंत साहेब, नपाध्यक्ष डा. संदीप जैन एवं हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष, आयुक्त एवं संपदा अधिकारी को मांग पत्र प्रेषित किया है।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक ......

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय राम डबराल पिता गंगाधर डबराल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सोनपैरी. प.ह.न. 02 रा.नि.म. खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर जिसका खसरा नबंर 459/13 रकबा 0.03 हे. भूमि का सीमांकन/ नक्शा बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार खोरपा के आदेश के परिपालन में दिनांक 23/05/2025 को समय 11:00 बजे पश्चात मेरे द्वारा रखा गया है

उक्त सीमांकन/बटांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को ग्राम जुलुम स्थित पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**राजस्व निरीक्षक, खोरपा**

# सुशासन तिहार में समाधान शिविर 5 से 21 मई तक, सीएम अचानक कहीं भी पहुंचेंगे शिविर में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण चरण 5 मई से शुरू होकर 21 मई तक चलेगा। खास बात ये है कि इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय किसी भी जिले में आयोजित समाधान शिविर में अचानक पहुंचेंगे। वे वहां मांगों और शिकायतों की समीक्षा कर जायजा लेंगे। श्री साय प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। राज्य शासन से लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक इस अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी गईं हैं।

## सरकार का दावा- एक माह में किया जाएगा निपटारा

### हर जिले की 8 से 15 पंचायतों के बीच समाधान शिविर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में प्रत्येक जिले की 8 से 15 ग्राम पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित होंगे। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में आमजन को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा तथा यथासंभव आवेदन का त्वरित निराकरण भी वहीं किया जाएगा। शेष समस्याओं का निराकरण एक माह के भीतर कर सूचना दी जाएगी।



### शिविरों में आमजनों से होगा संवाद

समाधान शिविरों में जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन प्रपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारी स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर आमजन से संवाद करेंगे, और विकास कार्यों व योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक लेंगे। साथ ही औचक निरीक्षण के माध्यम से चल रहे निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति और गुणवत्ता का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

### लाखों आवेदन और शिकायतें आई हैं सामने

जनता-जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव, शहर-शहर आवेदन लिए जाने का सिलसिला जारी है। आम जनता से 11 अप्रैल तक लिए गए हैं। इस अभियान के तहत अब तक राज्य में कुल मिलाकर 46 लाख से अधिक आवेदन और शिकायतें सामने आई हैं। बताया गया है कि इनमें आवेदनों की संख्या सबसे अधिक है। उसके मुकाबले शिकायतें काफी कम हैं। ये आवेदन और शिकायतें ऑनलाइन माध्यम से, शिविरों के माध्यम से और शिकायत पेटियों में आए हैं।

### एक माह में होगा आवेदनों का निपटारा

सुशासन तिहार-2025 के तहत सभी प्राप्त आवेदनों की सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जाएगा, और एक माह के भीतर उनका निराकरण किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि सुशासन तिहार 2025 का उद्देश्य जनसामान्य की समस्याओं का प्रभावी एवं त्वरित समाधान, शासकीय कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पूर्व में ही सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे सुशासन तिहार के सुव्यवस्थित आयोजन और इसके अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के तत्परता से निराकरण को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिला स्तर पर निराकरण की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ ने महापौर से की मुलाकात

रायपुर। महापौर मीनल चौबे से प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय ऐडे सहित पदाधिकारियों ने मुलाकात कर अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर महापौर को 6 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। इसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों को निगम के माध्यम से सीधे वेतन भुगतान कराने की मांग की गयी। प्रमुख मांगें इस तरह -प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम रायपुर से सीधे वेतन का भुगतान हो। प्रत्येक माह के 10 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जाये। सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों का पहचान पत्र कार्ड बनाया जाये। कलेक्टर दर से कम वेतन का भुगतान न किया जाये, वेतन कर्मचारी के बैंक खाते में ही किया जाये। प्लसमेंट कर्मचारियों से कार्यालयिन समय अवधि में ही कार्य लिया जाये। प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए शासन से स्वीकृत सेटअप अनुसार ही कर्मचारी रखा जाये। पदाधिकारियों से चर्चा के बाद महापौर मीनल चौबे ने संघ की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर सकारात्मक पहल करने आश्वस्त किया।

### भाजपा की आज विचार गोष्ठी पूर्व मंत्री निशीथ मुख्य वक्ता

**रायपुर।** भाजपा ने राजधानी के अटलबिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन रखा है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं युवा मामले व खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया, कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा व इंद्रकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद और खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा भी अपने विचार रखेंगे।

### जिला शिक्षा अधिकारी खंडेलवाल से की मुलाकात



**रायपुर।** ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को निरस्त करने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल से मंगलवार को मुलाकात की। इस मौके पर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से 15 जून तक घोषित आदेश है, ग्रीष्म कालीन अवकाश में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर अर्जित अवकाश की पात्रता होती है, जिससे शासन के ऊपर आर्थिक भार पड़ता है, भीषण गर्मी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल अपने द्वारा जारी आदेश को निरस्त किया।

---

सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में पूर्ण करें

# एआई और नवीन तकनीक के उपयोग से खराब सड़कों का करें चिन्हांकन व मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यतः पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।



### बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करें

श्री साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

### पांच-छह महीनों में होंगे ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार कार्य

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुघर्टनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे।

### तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ के सड़क विकास के कार्यों पूरा करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा। उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रुपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट, डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री साय का आज से दो दिवसीय मुबंई दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को दो दिवसीय मुंबई दौरे पर जा रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8.45 बजे रायपुर के माना विमानतल से रवाना होकर 10.45 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी विमानतल पहुंचेंगे। 11.30 बजे वेस्टिन होटल रिसार्ट पहुंचेंगे। वहां से दोपहर 1 बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर पहुंचेंगे। वहां क्लोथिंग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन के फेब शो में हिस्सा लेंगे। यहां पर उद्योगपतियों के साथ चर्चा करेंगे। दोपहर 4 बजे से वहां से वापस वेस्टिन होटल लौटेंगे। शाम 5 से 6 बजे तक वहां पर एक बैठक करेंगे। रात्रि विश्राम मुंबई में करेंगे। दूसरे दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे स्टील इंडिया-2025 के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ राउंड टेबल में हिस्सा लेंगे। वहां छत्तीसगढ़ को लेकर एक प्रस्तुतिकरण भी देंगे। दोपहर 3 बजे बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर से रवाना होंगे। वहां से होटल वेस्टिन पहुंचेंगे। वहां से छत्रपति शिवाजी विमानतल के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 7.30 बजे मुंबई से रवाना होकर रात्रि 9.35 बजे रायपुर के माना विमानतल पहुंचेंगे।

### श्वेता विश्वकर्मा ने संभाला जोन 7 अध्यक्ष का पदभार



**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने मंगलवार को अध्यक्षीय कक्ष में पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद जोन अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने पर जोन कार्यालय पहुंचकर उन्हें बधाई देने नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, सांसद प्रतिनिधि विजय अग्रवाल, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, वित्त विभाग अध्यक्ष महेंद्र खोडियार, जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन 10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी, स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, सनत बैस, जोन 7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू सहित सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर 240 ई-बस जल्द उतरेंगी

तैयारियां तेज




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर 240 ई-बस उतारने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में ये ई-बसें संचालित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरी आवागमन को बेहतर बनाने ई-बस सेवा के प्रभावी संचालन के लिए नगरीय प्रशासन विभाग एवं सूडा के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। श्री साव ने ई-बस सेवा को प्रभावी रूप से लागू कर जल्द ही नागरिकों को प्रदूषणरहित बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसे धरातल पर उतारने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने नया रायपुर स्थित विश्राम भवन में विभिन्न सत्रों में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के अधिकारियों को ई-बस सेवा के बेहतर संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं।

### इस शहर में चलेंगी इतनी बसें

राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना नगरीय यातायात में मील का पत्थर साबित होगी। इससे लोगों को सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा सुलभ होगी। आज के इस प्रशिक्षण में ई-बस सेवा के संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 240 ई-बसें मुहैया कराई जा रही हैं। इनमें रायपुर के लिए 100, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें शामिल हैं। चारों शहरों में बस डिपो, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। रायपुर को 27 करोड़ 23 लाख रुपए, दुर्ग-भिलाई को 17 करोड़ 75 लाख रुपए, बिलासपुर को 11 करोड़ 45 लाख रुपए तथा कोरबा को 10 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

कांग्रेस चलाएगी 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान

# प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निकलेगी संविधान बचाओ रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया गया कि एआईसीसी के निर्देशानुसार प्रदेश में भी 25 अप्रैल से 40 दिवसीय संविधान बचाओ अभियान शुरू किया जायेगा। 25 अप्रैल को दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह तय किया गया कि 25 अप्रैल को दुर्ग जिले में संविधान बचाओ रैली के साथ प्रदेश के सभी जिलों में 3 से 10 मई तक संविधान बचाओ रैलियां निकाली जायेंगी। 11 से 17 मई तक प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकलेगी। 20 से 30 मई तक कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। श्री बैज ने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम शामिल रहे।

### हम लड़ने के लिए एकजुट : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट हैं। हम इस देश के गरीबों के लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे। उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

### प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हमारी : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा, दुर्ग जिले से संविधान बचाओ रैली प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, विधायक एवं पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के सभी पदाधिकारी संविधान बचाओ अभियान में शामिल होंगे। यह अभियान प्रदेश के एक-एक नागरिक तक ले जाने की जवाबदारी कांग्रेस के हर नेता की है।

---

हमारे डीएनए में ही है गलत के खिलाफ आवाज उठाना

# सुप्रिया ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप, कहा- देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, देश में आधे सच और पूरे झूठ को जोर-शोर से फैलाने का चलन चल रहा है, इसलिए लगता है कि सच को समान ताकत और स्पष्टता के साथ बोला जाना चाहिए। मामले में देशभर में पत्रकार वार्ता करना बहुत जरूरी है। हम महात्मा गांधी की पार्टी हैं, इसलिए सत्य बोलते हैं। सच आखिरकार सामने आ ही जाता है। नेशनल हेराल्ड मामले में सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नाम कैसे जोड़ा, इसका खुलासा होना चाहिए। जब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था, उस समय नेशनल हेराल्ड और नवजीवन जैसे अखबार ने आजादी के महानायकों की कहानी, सच्चाई छापी थी। जिस तरह ब्रिटिश सरकार नेशनल हेराल्ड से चिढ़ती थी, वैसे ही पीएम मोदी भी चिढ़ते हैं। उस समय नेशनल हेराल्ड फाइनेंशियल क्राइसेस से गुजर रहा था, उस समय कांग्रेस ने उन्हें 90 करोड़ का कर्ज दिया था। यह पैसा आर्थिक सहयोग के लिए था।

### भाजपा झूठ बोल रही है

उन्होंने कहा, भाजपा कहती है कि कांग्रेस पार्टी लोन कैसे दे सकती है, इसे लेकर इलेक्शन कमीशन में भी मामला चला था, तब भाजपा का झूठ बेनकाब हो गया था। एजेएल के 700 से ज्यादा शेयर होल्डर थे, जैसे आम लोग शेयर होल्डर होते हैं। हमने भी यंग इंडियन के तौर पर 761वां शेयर होल्डर बनाया। कानून के मुताबिक यंग इंडिया के शेयर होल्डर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा रहे। यंग इंडिया कंपनी नॉट प्रॉफिटेबल कंपनी है। यह भाजपा का झूठ है कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी पैसा बना रहे हैं, जबकि ऐसा होना संभव नहीं है। भाजपा ने झूठ बोला कि एजेएल के पास 5 हजार करोड़ की संपत्ति है, जबकि इंकम टैक्स ने यह क्लीयर किया था कि एजेएल की 359 करोड़ की सम्पत्ति है। 2012 के बाद भाजपा ने मनी लॉनड्रिंग के केस लगाए, जबकि कोई भी मनी लॉनड्रिंग है ही नही।

### नेशनल हेराल्ड मामले की चार्ज शीट सिर्फ प्रोपोगंडा

2020 तक सुब्रमण्यम स्वामी ने केस लड़ा, लेकिन जब हमारे वकील ने सुब्रमण्यम स्वामी से सवाल किए, तो उन्होंने हाईकोर्ट से केस विड्रॉ कर लिया था। हम इस पूरे केस से कोर्ट में निपट लेंगे, लेकिन सरकार ने किस तरह से बदले की भावना से केस किया है, इससे पूरी दुनिया में उसकी कलई खुल गई है। भाजपा सिर्फ विपक्ष की आवाज दबाने के लिए इस तरह का षड्यंत्र कर रही है। यह सब इसलिए हो रहा है कि कांग्रेस उनसे लड़ न सके। भाजपा के हर झूठ की कलई खुली है।

## राहुल की आवाज से भाजपा नहीं कांग्रेसी ही डरते हैं : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत अपनी केंद्रीय नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए जो तथ्य रखने का प्रयत्न कर रही हैं, उन्हें मालूम होना चाहिए कि यह तथ्य अगर वह कोर्ट में प्रस्तुत कर उसे सहमत कर ले, तो ही लाभ होगा, हां उनके पक्ष में बोलकर वे स्वयं स्वामी भक्ति का लाभ जरूर अर्जित कर ले रही हैं। उनको यह बात अच्छी तरह से समझ लेनी चाहिए, राहुल गांधी की आवाज से बीजेपी मोदी सरकार नहीं, बल्कि कांग्रेसी ही डरे रहते हैं। श्री श्रीवास्तव ने पूछा, सुप्रिया जी ने कहा, ईडी के जितने मामले हैं वह विपक्ष के खिलाफ ही दर्ज हुए हैं। तो ईडी की स्थापना 1956 में हुई थी और लंबे समय तक कांग्रेस शासन में रही, तो क्या ये उनकी स्वीकृति है कि कांग्रेस विपक्ष को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करती थी। श्री श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस का संवैधानिक संस्थाओं पर ना भरोसा है, ना सम्मान है, पूरा मामला न्यायालय के अधीन है, लेकिन न्यायालय के विषय में बात करते हुए भी उन्होंने भाषा की मर्यादा लांघ दी और कहा कि कोर्ट में तो हम निपट ही लेंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा, घोटाले को देशभक्ति का दर्जा देने की कोशिश करते हुए सुप्रिया श्रीनेत यह कहती हैं कि यह राहुल गांधी की आवाज दबाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर रहे हैं। सुप्रिया जी बताएं कि इस राहुल गांधी के नेतृत्व में आज कांग्रेस पूरे देश में जिस स्थिति में है और राज्यों के चुनाव लड़ने के लिए भी उन्हें क्षेत्रीय दलों से मिन्नत करनी पड़ती है।

## खबर संक्षेप



### श्रीरामकृष्ण देव का अभिनव संदेश- शिवभाव से जीवसेवा करो

**रायपुर।** रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम, रायपुर में रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ के उपाध्यक्ष और रामकृष्ण देव की लीलाभूमि काशीपुर उद्यानवाटी, कोलकाता के अध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज का आगमन हुआ। 21 अप्रैल को आशीर्वचन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को संबोधित करते हुए स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि भगवान श्रीरामकृष्ण ने काशीपुर में महाभाव में अवस्थित होकर वहां उपस्थित सभी भक्तों को दिव्य ईश्वरीय आनंद की अनुभूति करायी थी। उन्होंने उस महाभाव में कहा था तुम सब चैतन्य हो, ईश्वर ही नित्य वस्तु है और सब अनित्य है। भगवान का जानना ही मनुष्य के जीवन का लक्ष्य है। भगवान थे, हैं और रहेंगे। यह मनुष्य जन्म व्यर्थ गँवाने के लिए नहीं मिला है।

### प्रेस क्लब में चित्रकला शिविर 1 मई से

**रायपुर।** प्रेस क्लब में 1 से 31 मई तक आर्ट होम संस्था का ग्रीष्मकालीन महिला एवं बाल चित्रकला शिविर का होने जा रहा है, जिसमें इच्छुक प्रशिक्षणार्थी प्रातः 8 बजे से 9:30 बजे के मध्य अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह शिविर मीडिया परिवार एवं निर्धन वर्ग के बच्चों के लिए निःशुल्क रखा गया है। चित्रकला शिविर में मूलरूप से चित्रकला की बेसिक जानकारी दी जाएगी और रेखांकन, पोस्टर कलर, एक्रेलिक कलर, फैब्रिक कलर, ऑयल पेस्टल कलर एवं के साथ साथ वेस्ट से बेस्ट एवं फ्लावर पाट, सिरेमिक डिजाइन आदि सिखाया जाएगा। शिविर के अंत में बच्चों के प्रोत्साहन के लिए उनकी पेंटिंग की प्रदर्शनी लगाई जाएगी और उन्हें आर्ट होम द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

### पाइप के सहारे चढ़कर मकान में चोरी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक युवक ने अज्ञात के खिलाफ उसके मकान से 10 हजार रुपए से ज्यादा कीमत के दो नग रसोई गैस सिलेंडर, एसी का सामान तथा तथा अन्य घरेलू वस्तु चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चौबे कालोनी निवासी चित्रांस त्रिपाठी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। चित्रांस ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर पाइप के सहारे मकान के ऊपरी माले में चढ़ गया और रसोई गैस सहित अन्य सामान चोरी कर ले गया।

### सूने मकान में 55 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान में धावा बोलकर नकदी 39 हजार रुपए सहित 55 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंगोराभाठा निवासी धनेश साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। धनेश ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर 11 अप्रैल से 21 अप्रैल के बीच अलमारी में रखे जेवर तथा नकदी चोरी कर ले गया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रोजेक्ट अनिवार्य, रविवि इसके लिए छात्रों से वसूलेगा 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में छात्रों के लिए परियोजना कार्य करना अनिवार्य है।


- कार्यपरिषद की बैठक में फैसला, अध्ययनशाला में किया प्रोजेक्ट तो चुकानी होगी यह राशि

चतुर्थ सेमेस्टर में विद्यार्थियों को यह प्रोजेक्ट कार्य करना होगा। रविवि में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। ऐसे में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एनईपी का पहला बैच चतुर्थ सेमेस्टर की पढ़ाई करेगा। इसके अंतर्गत परियोजना संबंधित कार्यों के लिए रविवि द्वारा पहले से ही योजना बना ली गई है।

## यूटीडी में जैव प्रौद्योगिकी अध्ययनरत छात्रों को देने होंगे 15 हजार

### भोजन अपशिष्ट से बनाएंगे खाद

रविवि द्वारा भोजन अपशिष्ट से खाद बनाया जाएगा। भोजन अपशिष्ट के अलावा पत्तियों से भी ऑर्गेनिक खाद तैयार किया जाएगा। आईसीआईसीआई बैंक के सीएसआर मद से यह मशीन विवि में स्थापित की जाएगी। यांत्रिकी विभाग इसका रख-रखाव करेगा। इसे लेकर भी कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है। गौरतलब है कि विवि परिसर में सैकड़ों की संख्या में वृक्ष लगे हुए हैं। पतझड़ सहित अन्य मौसम में बड़ी मात्रा में अपशिष्ट एकत्र हो जाते हैं। विवि परिसर में होने वाले आयोजनों में बड़ी संख्या में भोजन अपशिष्ट भी बचते रहे हैं। इन्हें अपव्यय के रूप में फेंका जाता रहा है। अब इनका उपयोग किया जा सकेगा। इन खाद का प्रयोग रविवि के उद्यानों में ही किया जाएगा।




### अधिकतर फैसले नियुक्ति सेवानिवृत्ति संबंधित

अप्रैल माह में हुई कार्यपरिषद की अंतिम बैठक में अधिकतर फैसले नियुक्ति और सेवानिवृत्ति के पश्चात दी जाने वाली पेंशन राशि संबंधित रहे। अकादमिक विभाग के अलावा वित्त विभाग से भी बड़ी संख्या में प्रस्ताव रविवि को प्राप्त हुए थे। इसके अतिरिक्त अवकाश स्वीकृति सहित यांत्रिकी विभाग में यंत्री नियुक्ति को लेकर भी फैसले हुए।

कार्यपरिषद में इसे लेकर प्रस्ताव भी पारित हो गया है। जैवप्रौद्योगिक अध्ययनशाला से एमएससी करने वाले विद्यार्थियों को रविवि अध्ययनशाला में प्रोजेक्ट कार्य करने 15 हजार चुकाने होंगे।

वहीं यदि अध्ययनशाला से बाहर का छात्र रविवि यूटीडी में प्रोजेक्ट वर्क करना चाहता है तो उसे 30 हजार रुपए फीस के रूप में भरने होंगे। छात्र जैवप्रौद्योगिक अध्ययनशाला अर्थात बायोटेक्नोलॉजी के अलावा अन्य विभागों से भी प्रोजेक्ट वर्क कर सकते हैं। इसके लिए भी कैंपस के विद्यार्थियों को 15 हजार तथा बाहरी छात्रों को 30 हजार रुपए देने होंगे। हालांकि छात्रों पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं होगा। विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार तय कर सकेंगे कि वे अपना प्रोजेक्ट कहां करना चाहते हैं।

## इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से सर्वे कराया, प्लान बनाकर देगा

# शहर के 2 दर्जन चौराहों पर ट्रैफिक स्मूथ करने जुटेगा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के 2 दर्जन प्रमुख चौराहों में आने वाले दिनों में लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर निगम ने ट्रैफिक विभाग के साथ मिलकर इन चौराहों को चिन्हांकित किया है।

- नगर उत्थान योजना में होगा काम, 10 करोड़ प्रस्तावित

इसमें नगर उत्थान योजना के तहत नगर निगम अपने इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट से सर्वे कराकर ट्रैफिक स्मूथ करने सुझाव देगा। इसमें मुख्य रूप से पचपेड़ी नाका चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, आमापारा चौक, आजाद चौक, लाखेनगर चौक, तेलघानी चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज सहित अन्य चौक-चौराहे शामिल हैं। इस कार्य के लिए एजेंसी तय करने नगर निगम का लोक विभाग जल्द ऑनलाइन टेंडर करेगा।

ट्रैफिक जाम से जूझ रहे शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नगर उत्थान योजना में शहर के 2 दर्जन प्रमुख चौराहों की दशा सुधारने 10 करोड़ खर्च होंगे। योजना के मुताबिक इसके लिए संबंधित चौक-चौराहों के सर्वे कराया गया है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट तय कर बाकायदा इसकी प्लानिंग की है। इम्पैनल्ड आर्किटेक्ट को प्रोजेक्ट कास्ट का 1.16 फीसदी राशि परामर्श शुल्क बतौर दी जाएगी।



### इन चौराहों को करेंगे व्यवस्थित

पचपेड़ी नाका चौक, खम्हारडीह चौक, शास्त्री चौक, फाफाडीह चौक, पिकाडली हॉटल मोहबा बाजार चौक, सिविल लाइन स्थित कटोरातालाब चौक, जीई रोड स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय चौक, एनआईटी चौक, अनुपम गार्डन चौक, वंदना आटो चौक, आमापारा चौक, आजादचौक, अवंतिबाई चौक, लाखे नगर चौक, भनपुरी चौक, शहीद भगत सिंह चौक, वीआईपी रोड स्थित फुंडहर चौक, कौशिल्या विहार गेट, तेलघानीनाका चौक, समता कालोनी स्थित अग्रसेन चौक, मोवा थाना चौक, दलदल सिवनी टर्निंग पाइंट चौक, शंकर नगर चौक बिलो ब्रिज, मेकाहारा चौक।

### इस तरह से होंगे काम

- लेफ्ट टर्न खोला जाएगा, जरूरत के अनुसार सामान्य चौक में रोटरी का निर्माण होगा।
- भीड़ वाले चौराहों पर सिग्नल लगाने की व्यवस्था, बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल शुरू कराये जाएंगे।
- साइनेज के साथ रोड मार्किंग कार्य।
- यातायात को बाधित करने वाले बिजली पोल तार को सुव्यवस्थित कर अंडरग्राउंड केबिलिंग करायी जाएगी।
- सुगम आवागम के लिए डिवाइडर निर्माण।

# सदर बाजार, ब्राम्हणपारा, अवधियापारा कुंदरापारा में पानी की भारी समस्या

## अधिकारियों को सुबह से देर शाम तक निगरानी के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के सदरबाजार, ब्राम्हणपारा, अवधियापारा, केलकर पारा में जल संकट से लोग परेशान हैं। अमृत मिशन के तहत रहवासी इलाकों में पाइप लाइन बिछाने के बाद भी पानी का प्रेशर कम है। इस बात को लेकर वार्ड पार्षदों ने शिकायत की है। वहीं रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में सदरबाजार में बिछाये गये पाइप लाइन के उपर बिजली की लाइन जाने से करंट का खतरा बने रहने को लेकर बैठक में चर्चा हुई।

- जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू के साथ अधिकारियों की बैठक ली

जल संकट प्रभावित जोन 4 के वार्डों में जल विभाग के संबंधित अधिकारियों को सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे निगरानी के निर्देश जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष साहू और जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने दिए। जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू ने बैठक में कहा कि गर्मी के मौसम में आम जनता को पानी की समस्या न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

जलसंकट प्रभावित इलाकों में मांग के अनुरूप तत्काल टैंकर भेजने और बंद पड़े बोरवेल को सुधारने में तत्परता बरतने की हिदायत उन्होंने दी।

बैठक में एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, संजना हियाल, पार्षद अजय साहू, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता फिल्टर प्लांट योगेश देवांगन, उप अभियंता गोपाल प्रधान एवं जोन 4 अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# नई कलेक्टर गाइड लाइन के सर्वे में उप पंजीयक व्यस्त, इसलिए 2 घंटे रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में नई कलेक्टर गाइड लाइन तैयार करने के लिए सर्वे का काम चल रहा है। इस सर्वे में पटवारी, तहसीलदारों से लेकर पंजीयन विभाग के उप पंजीयक भी जुटे हुए हैं, जिसके कारण रायपुर सहित प्रदेशभर के पंजीयन कार्यालयों में बीते एक सप्ताह सुबह 10 से 12 बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी तरह से बंद है। इस कारण लोग भी पंजीयन कार्यालय खुलने के दो घंटे बाद का ही रजिस्ट्री कराने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले पा रहे हैं। भीषण गर्मी के दिनों में दोपहर 12 बजे के बाद अपॉइंटमेंट मिलने के कारण लोगों को भी पंजीयन कार्यालय में भरी दोपहर में रजिस्ट्री कराने के लिए पहुंचना पड़ रहा है, जिससे उन्हें परेशान भी होना पड़ रहा है।

***सुबह घटा पर शाम का समय बढ़ा नहीं:*** सर्वे में व्यस्त उपपंजीयकों के कारण सुबह के दो घंटे का समय पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री के लिए बंद कर दिया गया है। इसके कारण लोगों को दिनभर में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कुल 5 घंटे का ही समय मिल पा रहा है। इधर सुबह का समय कम किया गया है, लेकिन शाम को समय बढ़ाया नहीं गया है, जिसके कारण कई लोगों को अपॉइंटमेंट भी नहीं मिल पा रहा है।




### दो घंटे में 100 से ज्यादा रजिस्ट्री

आकड़ों के अनुसार रायपुर पंजीयन कार्यालय में 5 उप पंजीयक है। इस तरह एक घंटे के दौरान रायपुर में 50 से अधिक रजिस्ट्रियां होती हैं। इस तरह दो घंटे में सौ से ज्यादा रजिस्ट्री होती है। दो घंटे तक अपॉइंटमेंट नहीं मिलने के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा रजिस्ट्री भी कम हो रही है।

### 30 तक यही स्थिति रहने की संभावना

नई कलेक्टर गाइड लाइन के लिए 30 अप्रैल तक सर्वे की रिपोर्ट मंगाई गई है। सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में सर्वे का काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे सर्वे की रिपोर्ट भी माहांत तक आने की संभावना है। जब तक सर्वे का काम पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक सुबह के दो घंटे तक रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट भी बंद रहेगा। इसके कारण माहांत तक पंजीयन कार्यालय में ऐसी स्थिति ही बनी रहेगी।

### 2 घंटे बंद है अपॉइंटमेंट

नई कलेक्टर गाइड लाइन के लिए सर्वे का काम चल रहा है। उप पंजीयकों को इस कार्य में लगाया गया है। शासन के निर्देश के अनुसार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट बंद है।

- ***विनोज कोचे,*** *मुख्य पंजीयक, रायपुर*

# विजयवर्गीय बोले- एक वो गांधी थे जो गाय की सेवा करते थे, एक ये गांधी हैं जो बीफ खाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

sने रायपुर में राहुल गांधी पर निशाना साघते हुए कहा, कौन से गांधी की बात कर रहे हैं? जो ठीक तरीके से हिंदी में गांधी भी नहीं लिख पाते। एक गांधी जिन्होंने देश के गरीबों की व्यथा को समझा या फिर वो गांधी जो छुट्टी मनाने थाईलैंड जाते हैं। वो गांधी गायों की सेवा करते थे और यह गांधी बीफ खाते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंचने पर श्री विजयवर्गीय से जब कांग्रेस के पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान, प्रदेश में चल रही गांधी की आंधी पर प्रतिक्रिया पूछी गई तब उन्होंने यही प्रतिक्रिया दी। एक देश एक चुनाव के लिए जेपीसी की बैठक पर श्री विजयवर्गीय ने कहा, बार-बार चुनाव होते हैं, तो देश के विकास में बहुत रुकावट आती है। एक साथ चुनाव होगा, तो शासकीय धन की बचत होगी। देश में ब्लैक मनी का चलन भी कम होगा।

### संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई

श्री विजयवर्गीय ने कहा, डॉ. आंबेडकर के सम्मान में भाजपा ने 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए है। मैं राजनांदगांव के कार्यक्रम के लिए आया हूं। देश में सभी नेता अलग-अलग स्थानों पर जा रहे हैं। वहां पर लोगों के सामने ये सच लाएंगे कि कैसे कांग्रेस ने बाबा साहब के साथ धोखा किया है। कांग्रेस के संविधान बचाओ अभियान पर कहा, कांग्रेस संविधान का उपायोग राजनीति के लिए कर रही है। अगर कांग्रेस संविधान के अनुरूप चली होती तो ये दुर्दशा नहीं होती। संविधान का जितना मजाक कांग्रेस ने उड़ाया, उतना किसी ने नहीं किया उड़ाया। संविधान की धज्जियां कांग्रेस ने उड़ाई है। आपातकाल कांग्रेस ने लगाया था। जब यूपीए की सरकार थी, तब उनके नेता ने बिल की कॉपी फाड़ी थी। अब वही नेता देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ विदेश में बयान दे रहे हैं, इससे क्या देश का सम्मान बढ़ेगा।



### कांग्रेस छोटी हो रही

वक्फ कानून को लेकर श्री विजयवर्गीय ने कहा, मुस्लिम समझने लगे हैं वक्फ कानून हमारे हित का है। कुछ लोग जमीन का व्यापार करते थे, बहुत सारे मुस्लिम बिल का समर्थन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बड़ी बैठक पर श्री विजयवर्गीय ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस छोटी होती जा रही है। जिस तरीके से कांग्रेस के नेताओं के कारनामे हैं, कांग्रेस कितनी भी बैठक कर ले, विस्तार संभव नहीं है।

## पेज 11 के शेष ...

### किडनी एक्सचेंज कर...

एक महिला दूसरे के पति को अपनी किडनी दे सके। इसके लिये दोनों परिवार की काउंसिलिंग की गई और उन्हें इस प्रक्रिया को पूरी तरह समझाया गया। दोनों परिवार की सहमति के बाद प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी की गई। दोनों डोनर और मरीज किडनी प्रत्यारोपण के बाद स्वस्थ हैं और उन्हें अभी ट्रांसप्लांट आईसीयू में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। इस स्वैप किडनी ट्रांसप्लांट को फिजिशियन डॉ. विनय राठौर, सर्जन डॉ. अमित आर. शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा एवं एनेस्थेटिस्ट डॉ. सुब्रत सिंहा, डॉ. मयंक, डॉ. जितेंद्र, डॉ. सरिता रामचंदानी सहित अन्य लोगों ने मिलकर पूरा किया। कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि नेफ्रोलॉजिस्ट और यूरोलॉजिस्ट की भारी कमी के बावजूद यह उपलब्धि अत्यंत प्रशंसनीय है।

### डूमरतराई में पांच मंजिला...

बनेगा। इसके लिए निगम की योजना शाखा ने स्थल का भौतिक और तकनीकी सर्वे कराकर प्रस्ताव बनाया है। बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर में इलेक्ट्रानिक व्यवसाय करने वाले कारोबारियों के लिए 120 दुकानें बनेंगी। सर्व सुविधा युक्त थोक इलेक्ट्रानिक बाजार बनने से शहर के मध्य संचालित इलेक्ट्रानिक बाजार को डूमतराई में सुव्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने में आसानी होगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम इस प्रोजेक्ट को पूरा करने इसे म्यूसिपिल बांड में ले रहा है। इसके अलावा शंकरनगर इलाके में क्रिस्टल आर्किड के पास प्रस्तावित व्यावसायिक परिसर के लिए भी बांड जारी करने की तैयारी है।

### 108 एंबुलेंस के बाद...

को कंपनी विशेष को फायदा पहुंचाने के लिये तैयार करने का आरोप लगा रहे हैं। तर्क दिया जा रहा कि तीनों तरह के टेंडर में शर्तें, पात्रता और मापदंड को इस तरह तय किया गया है कि चुनिंदा कंपनी ही इसके लिए पात्र हो पायेगी। अन्य राज्यों में कंसोर्टियम को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है, मगर छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए जारी टेंडर में इसे प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में एमएमयू का संचालन करने वाली कंपनी के लिए एक करोड़ के डिजिटल हेल्थ प्लेटफॉर्म के विकास, रोलआउट और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में लागू करने का अनुभव मांगा गया है जिसे गैर जरूरी माना गया है। दूसरे नियम में राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर की स्वास्थ्य योजना में सॉफ्ट वेयर डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट के अनुभव को मान्य किया गया है जिससे असली हेल्थ प्रोवाइडर निविदा से बाहर हो सकते हैं।

### मनोरोग व पैथोलॉजी विशेषज्ञ...

पीएससी द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि छग राज्य के निवासियों से किसी तरह का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। राज्य के बाहर के निवासियों को 400 रुपए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा बीते दिनों घोषणा की गई थी कि पीएससी और व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शुल्क लिया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स की राशि लौटा दी जाएगी। विभाग को विस्तृत आदेश नहीं मिलने के कारण पुराने नियम पर ही निशुल्क आवेदन प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

### राजधानी की गर्मी ने...

साल में दो बार तापमान 44.2 तक पहुंचा था जो इस बार पिछड़ गया और गर्मी के मामले में 44.4 का रिकार्ड बन गया। दोपहर की हवा इतनी झुलसाने वाली थी कि शरीर में जलन महसूस होने लगी थी। मौसम विभाग द्वारा पहले ही ग्रीष्म लहर का अलर्ट जारी किया गया था, जो दोपहर होने से पहले सही साबित हो गया।

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अभी उत्तर-पश्चिम से आने वाली शुष्क हवा गर्मी से राहत नहीं लेने देगी। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई इलाकों में लू चलने की आशंका है। अगले चौबीस घंटे में बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बने रहने की संभावना है।

# पवन साय बोले- वक्फ बिल आदिवासियों की जमीन और अधिकार को सुरक्षा देगा



**रायपुर।** भाजपा अजजा मोर्चा द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक पर कार्यशाला में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, यह विधेयक आदिवासियों के जमीन और पहचान को सुरक्षा देने के लिए है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सदस्यों से उन्होंने कहा, इसके लाभ की जानकारी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें।

अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 में आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं।

ये प्रावधान आदिवासी भूमि और अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए तैयार किए गए हैं, जो विशेष रूप से वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित दावों को रोकने में मदद करेगा। यह बिल आदिवासियों की जमीन को सुरक्षित करने और वक्फ बोर्ड की अनियंत्रित शक्तियों को सीमित करने के लिए है। उन्होंने स्पष्ट किया, बिल का उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है, न कि धार्मिक स्वतंत्रता को कम करना।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि मेरे पक्षकार सूरज सिंह बिसेन, पिता- श्री अशोक कुमार बिसेन, निवासी- 1242, वार्ड नं. 54, हनुमान मंदिर के पास, श्रद्धा विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द, सेजबहार, रायपुर, छ.ग. के पिता श्री अशोक कुमार बिसेन आयु 65 वर्ष पिता स्व. गणेश सिंह बिसेन निवासी- 1242 वार्ड नं. 54, हनुमान मंदिर के पास, श्रद्धा विहार कॉलोनी, बोरियाखुर्द, सेजबहार, रायपुर, छ.ग. जो कि मानसिक रोग से ग्रसित है तथा उन्हें जुआ एवं सट्टा खेलने की बूरी लत है, कई लोगो से पैसा उधार पर लिये है और उन पैसो को जुआ, सट्टा एवं फर्जी ऑनलाईन स्क्रीमों में व्यय किये है। इनको कोई भी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था उधार पर रकम न देवे। यदि कोई रकम उधार देता है तब उसे वापस करने की किसी भी प्रकार की नैतिक अथवा विधिक जवाबदेहिता इनके किसी भी विधिक वारिसान या परिवार के किसी भी सदस्य को नही होगी। वर्तमान में मेरे पक्षकार के पिता श्री अशोक कुमार बिसेन के नाम पर कोई भी चल-अचल संपत्ति अस्तित्व में नही है। "सो सूचना जाने।"

**सूचनाकर्ता**
**सी. के. द्विवेदी (अधिवक्ता)**
**पता- बी-26, गणेश गार्डन के पास, सेंचुरी कॉलोनी, डी.डी. नगर, रायपुर, छ.ग. मो.नं.- 99261 40500**

### कार्यालय रा.नि.मं. सेरीखेडी तहसील व जिला रायपुर
### // आम सूचना //

दिनांक 17/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री अशोक कुमार पिता चन्द्रबलि पता 285 समता कालोनी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम धरमपुरा प.ह.नं 78 राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेडी स्थित भूमि खसरा नंबर 302/47 रकबा क्रमशः 0.075 हे.भूमि का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार/तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 06/03/2024 के परिपालन में दिनांक 05/05/2025 को समय अपरान्ह 12.00 बजे पश्चात किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत दिनांक/समय में हल्का पटवारी हल्का नंबर 78 के धरमपुरा स्थित कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

मुहर

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. सेरीखेडी**



## खबर संक्षेप

### भोपाल विवि के लिए राकेश आज होंगे रवाना



**रायपुर।** रविंद्र नाथ टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विश्वविद्यालय भोपाल में नाट्य विद्यालय मुंबई के विद्यार्थी, स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य नाचा की प्रस्तुति प्रक्रिया पर प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण देने के लिए विश्वविद्याल द्वारा नगर के प्रसिद्ध लोक कलाकार राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी से सम्मानित राकेश तिवारी को आमंत्रित किया गया है। श्री तिवारी 23 अप्रैल को समता एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होंगे। प्रशिक्षण 24 से 28 अप्रैल तक टैगोर विश्वविद्यालय में होगा, जिसमें मुंबई के लगभग 20 प्रशिक्षार्थी भाग लेंगे।

### बाल श्रम की रोकथाम के लिए छापामारी अभियान के दिए कड़े निर्देश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यकाल के दूसरे ही दिन मंगलवार को बाल श्रम की रोकथाम के लिए प्रदेश के समस्त जिलों में छापामार कार्यवाही किए जाने के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जारी किया। उन्होंने अनुशंसा पत्र क्रमांक 35 21 अप्रैल के माध्यम से 8 बिन्दुओं पर सुनियोजित तथा कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सर्व कलेक्टर तथा जिला पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। साथ ही उन्होंने इस छापेमारी अभियान के दौरान समय-समय पर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर जारी किए गए समस्त आदर्श क्रियान्वयन प्रक्रियाओं का पालन किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशों में यह भी लेख किया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस 12 जून को सार्थक बनाते हुए प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा बालश्रम की रोकथाम के संबंध में स्थिति का प्रस्तुतिकरण किया जाए।

### एमएड, बीएड विभागीय प्रशिक्षार्थियों की प्रवेश शुरु

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग ई एवं टी संवर्ग के जिला शिक्षा अधिकारी, पंचायत विकास विभाग, नगरीय नियोजन विभाग से प्राचार्य, व्याख्या, प्रधान पाठक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एवं सहायक शिक्षक पंचायत के अभ्यर्थी एमएड./बीएड. प्रशिक्षण के लिए एससीईआरटी की वेबसाईट पर निर्धारित प्रारूप में 7 मई तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। एमएड. में चयन प्रक्रिया पूर्व वर्षों की भांति प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर की जाएगी। बीएड. में चयन प्रक्रिया वरिष्ठता के आधार पर की जाएगी।

### भारतीय शिक्षा बोर्ड की संगोष्ठी में 250 विद्यालयों के प्राचार्यों ने लिया भाग



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में विगत दिनों भारतीय शिक्षा बोर्ड छत्तीसगढ़ रायपुर की संगोष्ठी हुई, जिसमें 250 विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्यों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड को शिक्षा के क्षेत्र में एक सतत व्यापक एवं भारत को आत्मनिर्भर बनाकर विश्वगुरु के पद पर प्रतिष्ठित करना है। उन्होंने इसे स्वामी रामदेव महाराज का शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक एवं समग्र क्रांति के लिए बहुत अच्छा कदम बताया। इसी दौरान मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड का उद्देश्य आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा देकर सनातन और नूतन का संगम कर प्रत्येक विद्यार्थी को भारतीयता का बोध के साथ आत्मगौरव का भाव जागृत कर पवित्र, चरित्र और व्यक्तित्व युक्त नेतृत्व का निर्माण करना बताया। कार्यक्रम को सुनील अग्रवाल लेंद्रवाले, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. एमआर सावंत, गोपाल चक्रधारी, राजीव गुप्ता आदि ने संबोधित किया।


# एक वर्ष में 13954 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान, इसमें मार्च में सबसे ज्यादा 21 अरब 55 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी होने के कारण रायपुर जिला कोषालय के लिए अन्य जिलों की अपेक्षा शासन से सबसे ज्यादा राशि जारी की जाती है। जारी राशि की तुलना में भुगतान भी सबसे ज्यादा रायपुर कोषालय से ही किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर कोषालय को 18903 करोड़ 21 लाख 7 हजार 599 रुपए मिला था। इस राशि के एवज में कोषालय ने 13954 करोड़ 29 लाख 35 हजार 662 रुपए का भुगतान किया है। यह आंकड़ा बताता है कि जिला प्रशासन द्वारा एक वर्ष में कितनी बड़ी राशि का भुगतान करता हैं।

#### मार्च में सबसे ज्यादा राशि का भुगतान

जिला कोषालय से वित्तीय वर्ष के अंतिम मार्च में सबसे ज्यादा राशि का भुगतान हुआ है। क्लोजिंग महीना होने के कारण मार्च में 21 अरब 55 करोड़ एक लाख 854 रुपए का भुगतान हुआ है। यह राशि साल के अन्य 11 महीनों की तुलना में सबसे ज्यादा है। हालांकि इस महीने कोषालय को 22 अरब 531 करोड़ 1 लाख 97 हजार 830 रुपए की राशि प्राप्त हुई थी। इसके एवज में भुगतान की राशि कम है।



#### अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन, पेंशन सहित अन्य योजनाओं पर खर्च की राशि भी इसमें शामिल

जिला कोषालय से किये जाने वाले भुगतान में जिला प्रशासन के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन, पेंशनधारियों का मासिक राशि, विभागों के अंतर्गत संचालित राज्य की विभिन्न योजनाओं पर होने वाला खर्च, आर्थिक सहायता राशि, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, विधायकों दिए जाने वाला मासिक वेतन से लेकर जिले में समस्त प्रकार के लगने वाले बिलों का भुगतान भी कोषालय से किया जाता है।

#### 4949 करोड़ रुपए जमा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोषालय रायपुर की ओर से कुल प्राप्त राशि में से 4949 करोड़ से अधिक राशि अभी भी जमा है। इस फंड का इस्तेमाल अब नए वित्तीय वर्ष में किया जाएगा।

### जांच अभियान में मांगा जनता खाना, जवाब मिला-अभी बना नहीं, और जब बना तो पका नहीं

# जनता खाना गायब, ठंडा पानी महंगा... अफसर खुद बने यात्री, हकीकत देख ठोका 1 लाख से ज्यादा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को यात्रियों की रोजमर्रा की शिकायतें हकीकत में बदल गईं, जब खुद सीनियर डीसीएस अवधेश कुमार त्रिवेदी यात्री बनकर निरीक्षण पर निकल पड़े। अफसरों की टीम ने जैसे ही प्लेटफॉर्म पर कदम रखा, स्टेशन पर व्याप्त अनियमितताओं की परतें खुलती चली गईं। स्टेशन पर 'जनता खाना' नदारद मिला और जो खाना मौजूद था, उसकी गुणवत्ता सवालों के घेरे में थी। यात्रियों से ठंडा पानी देने के बदले अतिरिक्त पैसे वसूले जा रहे थे। ट्रेनों में कूलिंग सिस्टम की हालत भी दयनीय मिली, न तो पंखे ठीक से चल रहे थे और न ही एसी को लेकर कोई जवाबदेही थी। इस सबके बीच यात्रियों की जेब पर मनमानी तरीके से भार डाला जा रहा था। रेलवे के नियमों को दरकिनार कर कई वेंडर धड़ल्ले से अधिक राशि वसूलते नजर आए।

■ अनियमितताओं पर चला कार्रवाई का डंडा

सीनियर डीसीएस ने न केवल खुद स्थिति का आकलन किया, बल्कि यात्रियों से संवाद कर शिकायतों को गहराई से समझा। इसके बाद कार्रवाई में कोई ढिलाई नहीं बरती गई। एक ही दिन में 10,1000 रुपये का जुर्माना ठोका गया। इस बड़ी कार्रवाई में सबसे अधिक दंड खानपान में गड़बड़ी पाए जाने पर लगाया गया। यात्रियों की उम्मीद अब इस बात से बंधी है कि रेलवे की यह सख्ती केवल एक दिन की न हो, बल्कि यह नियमित प्रयास बन जाए, जिससे उन्हें सुरक्षित, साफ-सुथरा और नियमों के अनुरूप सेवाएं मिलती रहें।

■ ट्रेन में पान मसाला बेचते मिले वेंडर, यात्रियों से ठंडे पानी और खाने के लिए वसूले जा रहे थे अतिरिक्त पैसे



#### जनता खाना के लिए 50 मिनट कराया इंतजार

अक्सर यात्रियों की शिकायत रहती है स्टेशन में जनता खाना नहीं मिलता है। जब रेलवे अधिकृत वेंडर के पास पहुंची तो जवाब भी वही मिला की अभी खत्म हो गया है बनाना पडेगा, 15 मिनट लगेगा। अधिकारियों ने भी इंतजार करना शुरू किया। 15 मिनट से 30 मिनट हो गए लेकिन जनता खाना अधिकारियों को नहीं मिला। इसके बाद आननफानन में वेंडर ने तत्काल में सब्जी पूडी बनाई,लेकिन ठीक से पकी नहीं थी। रेलवे ने वेंडर पर जुर्माना लगाया और यात्रियों को समय पर जनता खाना मिले इसका निर्देश भी दिया।

#### ट्रेन में पान मसाला बेचते मिले वेंडर

ट्रेनों में पान मसाला खुलेआम बेचा जा रहा था, जो रेलवे के सख्त नियमों का उल्लंघन है। यात्रियों से ठंडी पानी की बोतल के लिए तय कीमत से ज्यादा पैसे मांगे जा रहे थे। इतना ही नहीं, एक ही ट्रेन में वेज और नॉनवेज दोनों तरह के खाने को बिना किसी व्यवस्था के बेचा जा रहा था, जिससे यात्रियों में असुविधा की स्थिति बन रही थी। रेलवे अफसरों ने किसी भी कार्रवाई से पहले पूरे सिस्टम को बारीकी से समझा और लाइव देखा कि कैसे नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों से मनमाना व्यवहार किया जा रहा है। कई यात्रियों ने शिकायतें की थीं, जिन्हें सच होते देख अफसरों ने तत्काल प्रभाव से सख्त कदम उठाए।

#### ठंडा के लिए की जाएगी प्लानिंग

*ट्रेनों में उचित कूलिंग सिस्टम नहीं पाया गया। पानी स्प्रे करने वाले नोजल्स काम नहीं कर रहे थे। वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म यात्रियों के बैठने के स्थान पर तापमानमापी उपकरणों से तापमान की भी जांच की गई। यात्रियों को शीतलता प्रदान हो इस हेतु आवश्यक प्लानिंग की जाएगी।*

#### वेंडरों को सख्त हिदायत

*जांच अभियान में 04 अनाधिकृत वेंडर पकडे गये, 03 पर लगेज जुर्माने की कार्रवाई कि गई। प्लेटफार्म पर ट्राली चलते हुए पाए जाने पर 5000 का जुर्माना किया गया। 7- 8 स्टालों पर जाकर जनता खाना पूछा बेबी फूड भी पूछा जो की स्टालों पर उपलब्ध नहीं था। एक ही ट्रे में वेज एवं नॉनवेज खाना बेचने पर फूड प्लाजा पर 5000 की कार्यवाही की गई। खानपान की विभिन्न अनियमिताओं में लगभग 37000 रुपए एवं दुर्ग स्टेशन पर 64000 का जुर्माना किया गया। कार्यवाही में कुल 101000 रुपए का जुर्माना किया गया। अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अधीनस्थ अधिकारियों एवं निरीक्षकों वेंडरों को सख्त हिदायत दी गई की भविष्य में ऐसी अनियमिताएं नहीं पाई जाए।*

# जल स्तर बढ़ाने तालाबों के गहरीकरण के साथ कुंओं के निर्माण भी कराए जाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को दिशा समिति की बैठक में पेयजल और जल संरक्षण पर विशेष फोकस किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को लेकर कार्ययोजना बनाएं तथा इस पर गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए जलस्त्रोत को चिन्हित करें और उसके बाद पाइप लाइन बिछाकर घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के गहरीकरण को प्राथमिकता दी जाए और आवश्यकता अनुसार कुंओं का निर्माण भी कराए। जलस्तर बढ़ाने का यह सबसे अच्छा माध्यम है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। इस बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरू खुशवंत साहेब, रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, रायपुर नगर निगर आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन उपस्थित रहे।

#### देश में रायपुर की विशेष पहचान हो इस दिशा में मिलकर करें कार्य

सांसद ने बैठक में कहा कि सभी कार्यों का मूल उद्देश्य आम जनता को लाभ पहुंचाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर कार्य करें, ताकि रायपुर शहर को देशभर में एक विशेष पहचान दिलाई जा सके।

# पानी के लिए तरसे रहवासी बिफरी महिलाएं, पार्षद निवास का किया घेराव, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को भक्त कर्मा माता वार्ड की महिलाओं ने वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी के निवास का घेराव किया। करण नगर, अयोध्यानगर न्यू चंगोराभाठा बस्ती में पानी की किल्लत से बिफरी महिलाओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि बूंद-बूंद पानी के लिए वे तरस गये हैं। हालत ये है लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पानी मिलना दूभर हो गया है। नगर निगम द्वारा लगाये गये नलों में पानी आना बंद हो चुका है। नाराज महिलाओं की समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद ममता-सोनू तिवारी ने तत्काल जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और सब इंजीनियर को स्पॉट पर बुलवाकर समस्या से अवगत कराया। साथ ही पेयजल व्यवस्था सुधारने निर्देशित किया

शहर में तेज गर्मी के कारण रहवासी इलाकों में बोरवेल का जलस्तर सूखने और नलों से पानी का प्रेशर कम आने से लोग परेशान हैं। भक्त कर्मा माता वार्ड की महिलाओं ने मंगलवार को पानी की समस्या से वार्ड पार्षद को अवगत कराने उनके निवास स्थान के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। पार्षद कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने वार्ड पार्षद के बुलवाने पर स्थल पहुंची जोन कमिश्नर को भी जलसंकट को लेकर सवाल किये। ममता-सोनू तिवारी ने वार्डवासियों के सामने यह घोषणा की कि पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों के दफ्तर का घेराव करने बाध्य होंगी।

#### खूबचंद बघेल का भी बुरा हाल

जोन 5 के ही डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड के महादेव नगर, गणपति विहार, कर्मा चौक की 3 गली में पेयजल संकट से लोग बेहद परेशान हैं। जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम को किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है।

### तीन गांजा तस्करों को 20 साल की सजा 2 लाख का जुर्माना

**रायपुर।** गांजा तस्करी के मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को 20-20 साल की सजा एवं 2 लाख रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। घटना 29 अप्रैल 2023 की है। राजधानी रायपुर के रिंग रोड नंबर-2 से एक ट्रक में 525 किलोग्राम गांजा को 25 टन कोयले के अंदर रखकर ओड़िसा से प्रयागराज ले जाया जा रहा था। राजस्व आसूचना निदेशालय रायपुर रीजनल यूनिट ने इस दौरान ट्रक को पकड़ा था। इस मामले में डीआरआई रायपुर के अधिकारियों ने दो आरोपियों को ट्रक के साथ एवं एक को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया। इन तीनों आरोपियों को न्यायाधीश किरण थावयित के विशेष न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास की सजा एवं 2 लाख का जुर्माना लगाया गया।

#### इन आरोपियों को मिली सजा

जयप्रकाश सिंह 33 वर्ष निवासी ग्राम हुलसियापुर थाना खागा जिला फतेहपुर, रवि यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम चांदपुर थाना चौकी मचिहा मंदिर फतेहपुर एवं केशव कुमार उर्फ बबूल 33 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना खागा फतेहपुर शामिल है।

# प्रदेश में निजी क्षेत्र में बिजली का उत्पादन 20 हजार मेगावाट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को बिजली के मामले में सरप्लस राज्य माना जाता है। अब यह बात अलग है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता तीन हजार मेगावाट के आसपास है, लेकिन जहां तक निजी क्षेत्र का सवाल है, तो निजी क्षेत्र में थर्मल संयंत्रों से छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 13 हजार मेगावाट से भी ज्यादा बिजली पैदा होती है। अब प्रदेश में निजी उत्पादक सात हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन और करने के लिए संयंत्र लगाने पर काम कर रहे हैं। इनको लेकर निवेश का ऐलान भी हो गया है। इसमें अडानी ग्रुप 16 सौ मेगावाट के तीन और जिंदल पॉवर भी 16 सौ मेगावाट का एक संयंत्र लगाएगा। छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र में बिजली उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में भी निजी क्षेत्र में अपने राज्य से कम बिजली पैदा होती है। अब तो छत्तीसगढ़ से आगे निकलना किसी भी राज्य के लिए आसान नहीं होगा। छत्तीसगढ़ को देश में बिजली के मामले में अव्वल माना जाता है। यहां पर बिजली की कटौती बहुत कम होती है। उपभोक्ताओं को लगातार बिजली मिलती है। यहां पर उपभोक्ताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इस समय प्रदेश में 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। यहां पर उद्योगों को भी लगातार बिजली मिलती है। बहुत कम मौकों पर उद्योगों की बिजली कट होती है।



#### सात हजार मेगावाट के नए प्लांट

निजी क्षेत्र में अब अडानी ग्रुप भी 48 सौ मेगावाट के प्लांट तैयार करने में लगा है। खरोरा, कोरबा और रायगढ़ में अडानी ग्रुप के प्लांट हैं। इनमें 16-16 सौ मेगावाट के प्लांट लगाए जा रहे हैं। खरोरा में पहले जो जीएमआर का प्लांट था, उसका अडानी ग्रुप ले लिया है। अडानी ग्रुप इसके लिए 66720 करोड़ का निवेश कर रहा है। जिंदल पॉवर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपए का निवेश करेगा, जबकि शारडा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपए लगाएगी।

#### पॉवर कंपनी की क्षमता कम

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। वैसे बिजली की खपत प्रदेश में अब सात हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। बिजली की पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेती है। इसी के साथ प्रदेश के निजी उत्पादक जो बिजली पैदा करते हैं, उसमें से पांच फीसदी बिजली लागत मूल्य पर भी देने का प्रावधान है। पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। करीब 14 हजार मेगावाट की नई योजनाओं पर काम चल रहा है। कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों लगाने का काम प्रारंभ हो गया है।

#### छत्तीसगढ़ में 30 हजार मेगावाट का उत्पादन

*छत्तीसगढ़ थर्मल संयंत्रों से देश के कुल बिजली उत्पादन के मामले में दूसरा बड़ा राज्य है। यहां राज्य, निजी एवं सेंट्रल सेक्टर से कुल करीब 30 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इसमें राज्य सरकार के विद्युत संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। सेंट्रल सेक्टर के संयंत्रों से 7680 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि निजी सेक्टर की बिजली उत्पादन क्षमता 13168 मेगावाट है।*

## बिजनेस साइट

# डिज़्नीलैंड मेला रावांभाठा ग्राउंड में शुरू 'कश्मीर सिटी' बना मुख्य आकर्षण



**रायपुर।** अंतरराज्यीय बस स्टैंड के समीप रावांभाठा मैदान में डिज़्नीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश्री महंत रामसुंदरदास जी महाराज उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि फिरोज अख्तर भी कार्यक्रम में मौजूद थे। मेले को पहले ही दिन से शहरवासियों का जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है।

इस वर्ष मेले में एक नया और अनोखा आकर्षण जोड़ा गया है - 'कश्मीर सिटी', जो एक विशाल डोम के रूप में निर्मित किया गया है। 2000 वर्गफुट से अधिक क्षेत्र में फैले इस डोम में दर्शकों को कश्मीर की वादियों का जीवंत अनुभव कराया जा रहा है। मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए एक विशेष फन जोन तैयार किया गया है, जिसमें स्क्रीम टॉवर, जाएंट व्हील, ब्रेक डांस, कोलंबस, सिलंबो, डेशिंग कार, ड्रैगन झूला, एरोप्लेन, मिनी ट्रेन, और मिकी माउस जैसे झूलों की भरमार है। क्राफ्ट बाजार भी मेले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां देशभर के कारीगरों द्वारा बनाए गए हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, होम डेकोर, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स, फर्नीचर, कॉस्मेटिक्स और होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज प्रदर्शित की गई है।






हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## जॉब अलर्ट

### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में विभिन्न पदों के लिए 28 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन




**रायपुर।** सरकारी नौकरी की तलाश में लगे अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा मौका है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। ऐसे में अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए जिस पद के लिए योग्यता पूरी करते हैं, वे निर्धारित अंतिम तिथि 28 अप्रैल तक या उससे पहले ऑनलाइन माध्यम से विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट cpcb.nic.in पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। तय तिथि के बाद किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने के साथ 1 Hour Test के लिए आवेदन करने वाले जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 500 रुपए एवं एससी/ एसटी/ सभी वर्ग की महिलाओं को 150 रुपए शुल्क जमा करना होगा। इसके अलावा 2 Hour Test के लिए अप्लाई करने पर जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को 1000 रुपए एवं एससी/ एसटी/ सभी वर्ग की महिलाओं को 250 रुपए का भुगतान करना होगा।

#### 69 रिक्त पदों पर नियुक्तियां

इस भर्ती के माध्यम से कुल 69 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। पदानुसार भर्ती विवरण नीचे टेबल से देख सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी सबसे पहले पोर्टल **https://app1.iitd.ac.in/** पर जाएं। इसके बाद यहां क्लिक हियर टू न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण कर लें। अब अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। अंत में अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें और उसका एक प्रिंटआउट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

*महानगरों की तर्ज पर अब प्रीमियम और लग्जरी फिल्म देखने का अनुभव अपने ही शहर में मिलेगा। जोरा द मॉल में पीवीआर की लक्स ब्रांड ने आधुनिक और प्रीमियम मल्टीपेल्स स्थापित किया है, जो मल्टीप्लेक्स में मूवी देखने के अंदाज़ को पूरी तरह बदल देगा। शानदार इंटीरियर्स, गद्देदार रिक्लाइनिंग सीट्स, उम्दा साउंड क्वालिटी और डिजिटल टेक्नोलॉजी से लैस यह मल्टीप्लेक्स छत्तीसगढ़ का पहला लक्ज़री पीवीआर है, जो इसी महीने शुरू होने वाला है।*

# जोरा द मॉल में मिलेगा मेट्रो सिटी जैसा लग्जरी मूवी एक्सपीरियंस, फैमिली के लिए बुक कर सकेंगे पीवीआर

**रायपुर।** हरिभूमि टीम ने इस आधुनिक सिनेमाघर की तैयारियों का जायजा लिया। रायपुरवासियों के लिए अब मूवी नाइट सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक शानदार अनुभव होने वाला है। मॉल में 5 शानदार स्क्रीन की सुविधा है, जहां हर मूवी लवर्स को एक नया सिनेमाई एहसास मिलेगा। सबसे बड़ी ऑडी में एक साथ 300 दर्शक फिल्म का आनंद ले सकेंगे, जबकि अन्य स्क्रीन्स पर 200 लोगों के बैठने की सुविधा दी गई है। खास बात यह है कि लग्जरी पीवीआर स्क्रीन में सिर्फ 35 सीटें हैं, ताकि हर सीट पर बैठे दर्शक को वीआईटी ट्रीटमेंट मिले और रॉयल फील हो। ये सीटें पूरी तरह रिक्लाइनिंग हैं और प्रीमियम कंफर्ट के साथ डिज़ाइन की गई हैं। फिल्म के साथ मिलेगा शानदार कैफेटेरिया एक्सपीरियंस वैसे ही जैसे दिल्ली और मुंबई के मेट्रो थिएटर्स में मिलता है।

### हाई-क्वालिटी स्क्रीन का अनुभव

लग्जरी पीवीआर में दर्शकों को हाई-क्वालिटी स्क्रीन का शानदार अनुभव मिलेगा। मल्टीप्लेक्स में उच्च गुणवत्ता वाली स्क्रीन के साथ डिजिटल सराउंड साउंड सिस्टम लगाया गया है, जिससे फिल्म देखने के दौरान पानी की बूंदों से लेकर बारिश और एक्शन सीन तक के हर साउंड इफेक्ट्स बिल्कुल रियल लगेंगे।यह एडवांस्ड तकनीक दर्शकों को हर सीन में सिनेमाई गहराई और ऑडियो क्लैरिटी का अनुभव देगा।

### पीवीआर में हाई-क्वालिटी स्क्रीन और डिजिटल साउंड सिस्टम से थिएटर में मिलेगा रियल एक्सपीरियंस





### बटन दबाते ही मिलेगा खाना

जोरा द मॉल के लग्जरी पीवीआर में अब फिल्म देखना सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक प्रीमियम अनुभव बन गया है। यहां की सीटों में अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जो दर्शकों को एक अलग ही रॉयल फील देंगी। हर सीट में पांच खास बटन दिए गए हैं, जिनकी मदद से सीट को पूरी तरह पीछे करके लेटकर फिल्म देखी जा सकती है। पैरों को सीधा कर आरामदायक पोजिशन में बैठा जा सकता है। खाने का ऑर्डर सिर्फ एक बटन दबाकर किसी भी समय किया जा सकता है। सीट के साइड में लगे लैंप की लाइट को ऑन या ऑफ किया जा सकता है और पूरी सीट को अपने अनुसार एडजस्ट किया जा सकता है। यह सुविधा रायपुर में पहली बार किसी मल्टीप्लेक्स में उपलब्ध है। फिल्म देखते हुए खाना ऑर्डर करने और आराम से बैठने जैसी सहूलियतें इस लग्जरी पीवीआर को खास बनाती हैं।

### कैथेटेरिया में किफायती दाम पर खाना

मेट्रो सिटी के तरह पीवीआर में फिल्म देखने के साथ कैफेटेरिया की भी सुविधा लोगों को मिलेगी, जिसमें व्यक्ति समय बिता सकता है। यहां खाने की भी सुविधा लोगों को मिलेगी। प्रबधंक का कहना है कि लोगों को किफायती दाम पर खाना दिया जाएगा, ताकि सभी वर्ग के लोग इस सुविधा का लाभ उठा सके। पीवीआर में होटल जैसी सुविधा लोगों के लिए नया एक्सपीरियंस मिलने वाला है।



### बुक कर सकेंगे प्राइवेट पीवीआर

मॉल में बने प्रदेश के पहले लक्स पीवीआर को फैमिली या ग्रुप के लिए बुक कराया जा सकता है। खास बात यह है कि दिल्ली-मुंबई जैसे मेट्रो शहरों में जहां ऐसी बुकिंग की कीमत प्रति सीट हजारों में होती है, वहीं रायपुर में यह सुविधा कम कीमतों में उपलब्ध कराई जा रही है।लग्जरी पीवीआर की शुरुआत के साथ ही शहरवासियों को अब हाई-क्लास मूवी एक्सपीरियंस मिलेगा। नए मॉल के शुरू होने से टिकट की उपलब्धता भी आसान होगी, जिससे फैमिली आउटिंग या खास आयोजनों के लिए यह बेहतरीन विकल्प बन सकता है।

## सिटी इवेंट

### छात्रों ने सीखा प्रकृति संरक्षण का महत्व, पर्यावरणीय संकटों पर की चर्चा



**रायपुर।** नया रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में चल रहे सात दिवसीय समर कैंप के तीसरे दिन 'विश्व पृथ्वी दिवस' के अवसर पर छात्रों के लिए एक विशेष जागरुकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य एवं प्रसिद्ध पक्षी विशेषज्ञ मोहित साहू ने छात्रों को वनों और वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी। छात्रों को वन्य प्राणियों में पाए जाने वाले छद्मावरण (कैमुफ्लाज) और उनके अनुकूलन की विशेषताओं के बारे में बताया, जो उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में जीवित रहने में सहायता करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता में कमी, वनों की कटाई जैसे पर्यावरणीय संकटों पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए पौधरोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और जन जागरुकता जैसे उपायों पर बल दिया।



#### प्रकृति से जुड़े छात्र

*नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य छात्रों को प्रकृति से जोड़ना, पर्यावरण के महत्व को समझाना और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के छात्रों के लिए विविध गतिविधियां और शैक्षिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा मिल रहा है। इस विशेष सत्र के माध्यम से छात्रों ने न केवल पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता को समझा, बल्कि उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा भी प्राप्त की।*

# नशा छोड़ो, भविष्य संवारो, नूतन स्कूल के समर कैंप में छात्रों को नशे से मिलेगा छुटकारा

**रायपुर।** रायपुर के टिकरापारा स्थित नूतन स्कूल ने इस गर्मी की छुट्टियों में एक अनूठी पहल की है। प्राचार्या डॉ. ममता पांडे ने पालकों को संबोधित करते हुए एक मार्मिक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने नशा छोड़ने की अपील की है। उन्होंने याद दिलाया कि जैसे कोरोना काल में बिना शराब के घर की खुशियां संभव थीं, वैसे ही अब भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह जरूरी है। स्कूल में अध्ययनरत अधिकांश बच्चे मेहनतकश और कम आय वाले परिवारों से हैं। इन बच्चों की पढ़ाई में शराब की लत एक बड़ी बाधा बन रही है। इसे ध्यान में रखते हुए नूतन स्कूल ने 16 अप्रैल से एक विशेष समर कैंप की शुरुआत की है, जिसमें शराब की लत छुड़ाने के लिए काउंसलिंग सत्र और निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है। यह कैंप न केवल नूतन स्कूल के छात्रों के लिए, बल्कि अन्य स्कूलों के बच्चों के लिए भी 1 मई से 10 जून तक खुला रहेगा।



### 30 अप्रैल तक जारी रहेगी पंजीयन प्रक्रिया

कैंप में कंप्यूटर, टैली, स्पोकन इंग्लिश, मेहंदी, क्रोशिया वर्क, सिलाई सहित 26 से अधिक गतिविधियां सिखाई जाएंगी। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह कैंप निःशुल्क रखा गया है। इसके अलावा प्राचार्या ने घोषणा की है कि इस वर्ष से नूतन स्कूल में अंग्रेजी माध्यम की एक नई शाखा केवल बेटियों के लिए शुरू की जा रही है, जिसमें कम फीस पर प्रवेश दिया जाएगा। शराब छुड़ाने के लिए पंजीयन प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक कदम है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का भी प्रयास है।

# बाल संस्कार डालने एक मई से ऑनलाइन क्लास

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति एक मई से ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर शुरू करने जा रही है। लगभग एक घंटे के इस शिविर में छह से 15 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन गणपति स्तोत्र के साथ रामरक्षा, भीम रूपी, हनुमान चालीसा, श्रीमद् भागवत गीता के श्लोकों का अर्थ बताते हुए कंठस्थ कराया जाएगा। आस्था काले ने बताया कि गीता परिवार से संलग्न गीताव्रती की परीक्षा पास गीता संस्था वर्ग में लेवल थ्री ट्रेनर डॉ. दीपाली अलोणी नागपुर 2023 से परिवार के साथ जुड़ी हैं। श्रीमद् भागवत गीता के 18 अध्याय के शुद्ध उच्चारण के साथ श्री विष्णु सहस्त्रनाम व श्रीराम रक्षा स्तोत्र पाठ का प्रशिक्षण प्राप्त डॉ. अलकनंदा नारद भी इसमें सहयोगी हैं।

### इनको दिया प्रशिक्षक का दायित्व

श्रृंगेरी मठ कर्नाटक में प्रथम श्रेणी संपूर्ण गीता कंठस्थीकरण परीक्षा में उत्तीर्ण डॉ. मंजूषा वैशंपायन और प्रसिद्ध कीर्तनकार चारुशीला देव बाल संस्कार शिविर में प्रशिक्षक की भूमिका में होंगी। आस्था के अनुसार आध्यात्मिक समिति की आकांक्षा गद्रे के घर पर हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शिविर प्रतिदिन सुबह आठ बजे से शुरू होगा। सप्ताह में चार दिन बच्चों को सिखाया- पढ़ाया जाएगा और उसका अर्थ भी बताया जाएगा। इस बीच उन्हें मंत्रोच्चर को कंठस्थ करने के तरीके भी बताए जाएंगे। पांचवें दिन चार दिन की शिक्षा की पुनरावृत्ति की जाएगी।

## शहर में मुख्य मार्गों के पाथवे पर मिट्टी के कारीगरों ने सजाई दुकानें, परंपरा निभाने खरीदी

कार्नर न्यूज

# अक्षय तृतीया से पहले गुड्डे-गुड़िया, सितारों से बने मोर मुकुट से बाजार में रौनक



**रायपुर।** अक्षय तृतीया इस बार 30 अप्रैल को मनाई जाएगी, लेकिन स्कूलों से राहत मिलने से बच्चे अब गुड्डे -गुड़िया की शादी करने और मंडप सजाने की तैयारी में जुट गए हैं। इससे गोल बाजार में वैवाहिक साजो- सामान बेचने वालों के पास गुड्डे- गुड़िया की शादी के लिए सामान खरीदने परिवार के लोगों के साथ बच्चे भी पहुंचने लगे हैं। इनके लिए 50 से 100 रुपए की रेंज में मंडप में उपयोगी सामग्री का भी पैकेट दुकानदार सजाने लगे हैं। वहीं, दूसरी तरफ अक्षय तृतीया को अबूझ मुहूर्त के रूप में स्वीकार किया जाता है। इस दिन जिन्हें शादी के लिए मुहूर्त नहीं मिलता, वैसे लोग विशेष मुहूर्त में वैवाहिक आयोजन करते हैं। इससे रौनक बढ़ने लगी है। रस्मों-रिवाज से होने वाली शादियों में रेडिमेड बांस का सूपा, पर्रा, टोकनी, तोरण, कटार, रंग-बिरंगी पंखी, सितारों से बने दूल्हा-दुल्हन के मोर-मुकुट पैकिंग का हिस्सा है।



### बड़ों की तरह बच्चे निभाते हैं दायित्व

पंडित मनोज शुक्ला ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन छोटे बच्चे भी बड़ों की तरह ही गुड्डे-गुड़िया की शादी करते हैं। इसमें आस-पास रहने वाले लोगों को शामिल होने के लिए आमंत्रित भी करते हैं। बारातियों का स्वागत करने के लिए पूड़ी, सब्जी, खीर के साथ नास्ता भी परोसते हैं। इसमें वे बड़ों की तरह ही अक्षय तृतीया से सप्ताहभर पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। इसके लिए वे आपस में पैसे जमा करके जरूरी सामान जुटाते हैं। बच्चों की खुशी में परिवार के लोग भी शामिल होते हैं, ताकि उनका आयोजन सफल हो सके।



### गुड्डे -गुड़िया के साथ खरीद रहे सामान

इस परंपरा को निभाने का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बच्चों का समूह कॉलोनियों और बस्तियों में गुड्डे-गुड़िया का विवाह रचाने के लिए तैयारी में हैं। इसमें परिवार के लोगों को साथ लेकर बाजार से गुड्डे-गुड़िया के साथ बारातियों का सेट भी लोग खरीद रहे हैं। इसके लिए लोगों को 500 रुपए देना पड़ रहा है। बाजार में सेठ, राधा-कृष्ण, किसान, वकील के गेटअप वाले गुड्डे और गुड़िया को मिट्टी से तराशने के बाद आकर्षक लुक दिया है। 100 से 300 रुपए की रेंज में मिलने से लोग बच्चों की खुशी के लिए खरीदने में भी रुचि ले रहे हैं।

समाज लाइव

## गौर हल्दी-कुंकू के बाद गर्मी से राहत देने मट्ठा बांटने निर्णय



**रायपुर**। चैत्र गौर हल्दी कुंकू की श्रृंखला में महाराष्ट्र की महिलाओं ने कई आयोजन किए। इस कड़ी में महाराष्ट्र मंडल के चौबे कॉलोनी केन्द्र में वार्षिक बैठक भी की गई। इस मौके पर महिलाओं के बीच में गेम्स में विजेता बनने की होड़ मची। मुख्य अतिथि मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले और विशेष अतिथि उपाध्यक्ष गीता दलाल रही। केंद्र की संयोजिका अक्षदा पंडित ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय के तहत चिंताहरण हनुमान मंदिर के सामने मई माह में भीषण गर्मी में राहत देने मट्ठा वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही मंडल में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा की गई।

### सरोकार के लिए लिया गया निर्णय

चैत्र गौर हल्दी- कुंकू में केंद्र की महिलाओं को गेम्स भी खेलने का अवसर मिला। उज्जवला पुराणिक इसमें विजेता रहीं। उप विजेता अनुराधा चौधरी और गौरी क्षीरसागर तीसरे नंबर पर रहीं। इस मौके पर केंद्र की नियमित सभासद मनीषा वरवंडकर, अपर्णा कालेले, स्वाति डबली, प्रीति शेष, प्राची डोनगांवकर, अनु, अनु बोधनकर मौजूद रही। उन्होंने बैठक में सरोकार के लिए गए निर्णय के तहत काम करने के लिए आपसी सहमति बनाई। इस अवसर पर संगीता निमोणकर, अवंती अग्निहोत्री, पल्लवी मुकादम, ज्योति कामनवार, कल्पना बड़वाइक, सुनंदा बेंद्रे, शीतल आर्विकर, मालविका राजिमवाले मौजूद रही।

सिटी लाइव

## युवा सजाएंगे महाश्रमण के जीवन प्रसंगों पर महाश्रमण आर्ट गैलरी



**रायपुर**। जैन तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें आचार्य महाश्रमण के 52वें दीक्षा दिवस को 11 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान में 'महाश्रमण आर्ट गैलरी' का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला, पुरुष, बच्चे भाग ले सकते हैं। ऐसे प्रतिभागियों को जल्दी से जल्दी अपनी कलाकृति तैयार करने का लक्ष्य तय करना होगा। किसी कलाकृति का न्यूनतम आकार ए - 4 साइज शीट होनी चाहिए। एक व्यक्ति केवल एक ही कलाकृति भेज सकता है। इसमें कोई आयु सीमा नहीं है, कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। कलाकृति का विषय आचार्य महाश्रमण से संबंधित ही होना चाहिए।

### कलाकृतियों की सजाएंगे प्रदर्शनी

कलाकृति किसी भी शैली में हो सकती है। पेंटिंग, स्केच, डूडल, वाटर कलर, एक्रेलिक, चारकोल, ड्राइंग किसी भी माध्यम का उपयोग करके बनाया जा सकता है। कैनवास, कार्ड बोर्ड और यहां तक कि वेस्ट मेटेरियल से भी कलाकृति बनाया जा सकता है। मूल्यांकन इस आधार पर होगा कि रचनात्मकता के साथ अनूठा विचार है या नहीं। कलाकृति विषय - संदेश को प्रभावी रूप से व्यक्त करता हो। कलाकृति 26 अप्रैल को रात 8 से 8:30 बजे तक तेरापंथ अमोलक भवन, सदर बाजार पहुंचाएं। इसे 27 अप्रैल को तेरापंथ अमोलक भवन में सुबह 10 से 12 बजे तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

पर्यावरण संरक्षण मंडल ने संजय नगर और मरीन ड्राइव में किया आयोजन, सजग करने दिया थैला

# कैनवास पर बिखेरी प्राकृतिक छटा, पर्यावरण बचाने भरे रंग, कैरी बैग नहीं, थैला अपनाने का संकल्प

**रायपुर**। शहर के शहीद संजय यादव शा.उ. मा. शाला संजय नगर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस को उत्साह के साथ मनाया गया। लाइफ मिशन थीम पर जीवन को जीने के लिए उचित तरीके और जीवन संरक्षण के संबंध में छात्र-छात्राओं को सजग करने के लिए भव्य आयोजन किया गया। इसमें चीफ गेस्ट छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण विभाग के जनसंपर्क अधिकारी अमर कांत सावंत रहे। आयोजन की नोडल इस बार विद्यालय की प्राचार्य सुभा तिवारी रही। इनके तालमेल से शहर के 12 स्कूलों की छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भागीदारी निभाई। सुबह 8 से 11 बजे के बीच स्कूल कैंपस में उत्साह का माहौल रहा। इसमें दो सौ से ज्यादा आम लोगों ने भी आयोजन को सफल बनाने में जन भागीदारी निभाई।

### पर्यावरण को बचाने में सहयोग दें

सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में पर्यावरण को बचाने के लिए संदेश देते हुए लोगों को जागरूक किया। साथ ही प्लास्टिक का इस्तेमाल जीवन के लिए कितना घातक है, इसके भयावह रूप को भी कैनवास पर उकेरने का प्रयास प्रतिभागियों ने किया। इसके साथ ही लोग दैनिक जीवन में किस तरह से प्लास्टिक के थैले से दूरी बनाते हुए पर्यावरण को बचाने में सहयोग दे सकते हैं, इसे कैनवास पर उकेरने का प्रयास किया। उनकी कृतियों में कपड़े के थैले का वितरण भी समाहित था। इस कार्यक्रम से संबंधित वर्कशीट पूर्ण किया गया।

'कैनवास पर प्राकृतिक छटा बिखेरने के साथ पर्यावरण बचाने के लिए किस तरह से प्रयास हो सकते हैं, इसे भी स्कूली छात्र-छात्राओं ने लोगों को सजग करने के लिए कला-कृतियों के रूप में उकेरने का प्रयास किया। साथ ही इसे हाथों में लेकर स्कूल कैंपस में कैरी बैग की जगह थैला अपनाने का संकल्प लिया। वहीं, विश्व पृथ्वी दिवस पर सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के साथ ही संस्थाओं ने भी शहर के अलग-अलग क्षेत्र में आयोजन करके भागीदारी निभाई। सीएम साय ने इस खास दिन के लिए प्रदेश के लोगों को बधाई दी।'





### घूमने पहुंचे लोगों को बांटा थैला



विद्यार्थीयो ने धरती बचाओ थीम पर शाम 6 बजे मरीन ड्राइव में घूमने पहुंचे लोगों को पृथ्वी की सुन्दरता को बनाए रखने के लिए सहयोग मांगा। साथ ही धरती बचाओं के संबध में जागरुकता फैलाने के साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। प्रधान पाठक नंदिनी देवांगन, मृदला शुक्ला, संकुल समन्वय दिपक प्रधान ने लोगों को सजग करने के लिए इस संकल्प के साथ थैला दिया कि प्रकृति को बचाने कैरी बैग से तौबा करेंगे। इस बीच रीमिक्स गीतों पर छात्राओं ने मरीन ड्राइव पर नृत्य के माध्यम से लोगों को संदेश दिया।

### नन्हें बच्चों ने निभाई सहभागिता

*नन्हें बच्चों में पर्यावरण और प्रकृति को लेकर संरक्षण की भावना पैदा करने के लिए राजीव नगर स्थित हेलो किड्स क्रेजी प्री-स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इसमें नन्हें बच्चे प्रकृति के संरक्षण की थीम पर तैयार होकर पहुंचे। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों ने वाद-विवाद के माध्यम से पृथ्वी को ईश्वर द्वारा प्रदत वरदान बताया। धरोहर के रूप में संरक्षण को लेकर जानकारी दी गई। प्राचार्य कीर्ति भौमिक द्वारा बताया गया कि उनके विद्यालय में बच्चों को सरोकार से जुड़ी गतिविधियों से जोड़कर रखने पहल की गई।*



### मुख्यमंत्री ने किया सहभागिता का आह्वान

सीएम विष्णु देव साय ने अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर प्रदेश के लोगों को शुभकामना दिया। साथ ही धरती के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए जन-सहभागिता का भी आह्वान किया है। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक विविधता से भरपूर प्रदेश है। यहां की संस्कृति, आजीविका और जीवन शैली सीधे तौर पर प्रकृति से जुड़ी है। इस भावना के साथ सरकार वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, नदी-नालों का पुनर्जीवन, सामुदायिक वन प्रबंधन और पर्यावरण संतुलित करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

### स्लोगन, ड्राइंग, पेंटिंग प्रतियोगिता

सामाजिक संस्था सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्लोगन, ड्राइंग, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया इसका उद्देश्य धरती माता का बचाव और पर्यावरण संरक्षण था। पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन में इस दिन की महत्ता फ्री कोचिंग के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं को भी बताई गई। इसके विजेता सुधा ओपन स्कूल आमासिवनी के छात्रों का सफायर ग्रीन ने गमले वाले पौधे और उपहार में कपड़े का थैला देकर सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन जीके भटनागर ने डॉ. एमजी नायडू, अनिल भावनी, मुकेश अग्रवाल, पवन बाजोरिया के साथ सफायर निवासियों ने वितरित किया।

# सोने-चांदी के बरक-दिव्य औषधियों से 18 अभिषेक, दादाबाड़ी में भक्ति का तम्बोला

**रायपुर**। गिरनारजी स्थित गजपदकुण्ड में 14 हजार नदियों का जल समाहित होने की मान्यता है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में 18 अभिषेक में जल अभिषेक गजपद कुण्ड का जल विशेष रूप से लाया गया है। इससे परमात्मा और सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया।

मंगलवार को सुबह से ही भैरव सोसाइटी स्थित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा, क्योंकि मंदिर में स्थापित मूर्तियों की सालभर में होने वाली 84 अशातनाओ से शुद्ध करने पूर्ण विधि-विधान से 18 अभिषेक किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेन्द्र कोचर की अगुवाई में अभिषेक के लाभार्थी परिवार भक्ति भाव से सपरिवार उपस्थित हुए।

*आज अष्टम ध्वजारोहण व सीमंधर स्वामी जन्म कल्याणक के साथ चौदह महास्वप्नों की पूजा*



### ध्वजा आरोहण का सुअवसर मिलेगा



सुप्रसिद्ध गायक दीप्ति बैद ने 'चांद सा सुंदर मुखड़ा तेरा नैन है अमृत के प्याले वो तो कोई और नहीं है वो तो है सीमंधर स्वामी....', से भक्ति रस से सभा को ओतप्रोत किया। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि 23 अप्रैल को मंदिर का 8वां ध्वजारोहण और सीमंधर प्रभु का जन्म कल्याणक महोत्सव है। भारत के इस मंदिर में ही ध्वजा आरोहण, प्राण- प्रतिष्ठा और जन्म कल्याणक सीमंधर प्रभु का एक साथ देखने का सुअवसर प्राप्त होता है। ध्वजा को फहराते देखना और उसमे सहभागिता से अनन्त पुण्य प्राप्त होता है।

### आओ पधारो वायु देवता भूमि शुद्धि

विधिकारक विमल गोलछा और नितेश गुरुजी के मार्गदर्शन में सबसे पहले भूमि शुद्धि के लिए वायु देवता का आव्हान आओ पधारो वायु देवता भूमि शुद्धि करवाने...,से मंदिर के सभा मंडप की शुद्धि की गई। फिर क्षेत्रपाल देवता का आव्हान करके उनसे अभिषेक करने की आज्ञा लेने के बाद सबसे पहले अभिषेक स्वर्ण के बरक को गजपदकुण्ड के जल में मिलाकर प्रथम अभिषेक मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित मूलनायक श्री सीमंधर स्वामी सुमति नाथ, पार्श्वनाथ, कोली मंडप में स्थापित महावीर स्वामी, गौतम स्वामी व दादाबाड़ी में स्थापित चारों दादागुरुदेव और देवी-देवताओं सहित 18 मूर्तियों को पहले पुष्पांजलि फिर मंत्रोच्चारण के साथ लाभार्थी परिवारों द्वारा अभिषेक किया गया।

### 18 अभिषेक विधान का बताया महत्व

ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी म. सा. के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर, आध्यात्म योगी महेन्द्र सागर के सुशिष्य उपाध्याय मनीष सागरजी म. सा. के सुशिष्य ऋजुप्रज्ञ सागर, प्रशम सागर के सानिध्य में आयोजित है। 18 अभिषेक विधान का महत्व बताते हुए ऋजुप्रज्ञ सागर ने कहा कि प्रभु सीमंधर स्वामी वर्तमान में महाविदेह क्षेत्र में विराजित है, उनका प्रत्यक्ष आशीर्वाद हमें मिलता है। विधिकारक नितेश गुरुजी द्वारा विभिन्न वन औषधियों से 18 अभिषेक पूर्ण किए गए।

## हमारी परंपरा, विचार और सांस्कृतिक विरासत देश की धरोहर को सहेजे



**रायपुर**। आर्य समाज में विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर धर्म संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा सिर्फ ईट और पत्थर ही हमारी धरोहर नहीं है। पुरातत्व विभाग इन्हें सहेजकर रखता है। हमारी परंपरा, हमारे विचार और हमारी सांस्कृतिक विरासत भी एक सच्ची धरोहर है। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर हम सभी को अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी धरोहरों से जोड़ने का प्रयत्न करना चाहिए। वेद संस्कृति उपनिषद रामायण महाभारत यह किस देश के धरोहर है जो संपूर्ण विश्व को दिशा दिखा सकती है। महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती एवं आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर महासम्मेलन का आयोजन 19 व 20 अप्रैल को रायपुर में किया गया।

### 200 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन

इस अवसर पर छग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत कार्यक्रम में शामिल हुए। 200 कुण्डीय धर्म रक्षा महायज्ञ के दो दिवसीय सनातन संस्कृति महासम्मेलन में देश के कोने-कोने से संत महात्मा वैदिक विद्वान एवं विचारकों ने शिरकत की। इस महासम्मेलन में सनातन धर्म वैदिक चेतना के लिए 200 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाग लेने के लिए रायगढ़, सरगुजा, अंबिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर, धमतरी, कांकेर, दुर्ग, भिलाई से सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित हुये। प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुरंग ने बताया महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने आज से 150वर्ष पहले हिंदू समाज को एक करने का प्रयत्न आरंभ किया था।

# जिस देश के युवा अपने धर्म, संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते, वह परतंत्र हो जाता है

**रायपुर**। भगवत गीता भगवान की वाणी है, इसे सुनने से ही शारीरिक बाधाएं दूर हो जाती हैं। पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ता है। अग्रोहा आलोनी विप्र नगर विष्णु मंगलम भवन रायपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ समारोह के समापन दिवस में गीता सार की कथा बताते हुए आचार्य झम्मन शास्त्री ने कहा कि सीधे प्रभु के चरण में भगवत गीता पहुंचा देती है । ऐसे महान ग्रंथ भगवान द्वारा हमें प्राप्त है। द्वापर युग में गाई गई गीता भगवान के वाणी द्वारा कलयुग के मानवों को भी ज्ञानी, ध्यानी, कर्मयोगी बनाता है। कथाव्यास झम्मन शास्त्री ने खासकर युवाओं को जोड़ते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि संस्कृति और भाषा का सम्मान होना चाहिए। जिस देश में युवा अपने धर्म, संस्कृति और भाषा का सम्मान नहीं करते हैं, उस देश को परतंत्र होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता।

### अपने वस्त्र -आभूषण परिवेश पर गर्व करें



अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज्य कर भारत को 2000 वर्ष पीछे धकेल दिया। श्रेष्ठता को नष्ट कर दिया। शास्त्री जी ने कहा कि जब तक आप भगवान को अपना सारथी नहीं बनाएंगे, आपकी गाड़ी यानी कि आपका शरीर किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य को साधने के लिए सही नहीं होगा। हमें पहले अपनी संस्कृति पर गौरव होना चाहिए। वैसे भी भारत देश और इसके सनातनी लोगों ने कभी भी दूसरी भाषा, दूसरे धर्म के लोगों को परेशान नहीं किया, न ही उनके धर्म को अपमानित किया, न ही किसी को अपने धर्म को मानने से रोकने की कोशिश की। जबकि, सनातन धर्म को हजारों साल से लगातार जख्म मिल रहा है। हमारे देश के युवा भगवान के इस मार्ग पर चलें। तिलक, छोटी धोती, अपने वस्त्र, आभूषण, परिवेश पर गर्व करें। देश को विश्व गुरु होने से कोई नहीं रोक सकता।



## सिटी स्पोर्ट्स

### बिलासपुर और जांजगीर ने जीत के साथ जगह बनाई एलिट ग्रुप में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2025 में बिलासपुर ब्लू एवं जांजगीर चांपा ने सेमी फायनल मैच में जीत दर्ज कर एलिट ग्रुप में प्रवेश किया। पहला सेमी फायनल मैच बिलासपुर ब्लू एवं जशपुर के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान रायपुर में खेला गया। जिसमें जशपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 146 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से रोहित नेतानी ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया। वहीं जशपुर की ओर से आयुश सिन्हा ने 3 विकेट तथा पवन राम ने 2 विकेट प्राप्त किये। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 125 रन ही बना पायी। जशपुर की ओर से सुनिल बेहरा ने सर्वाधिक 44 रन नाबाद बनाये तथा बिलासपुर ब्लू की ओर से वासुदेव बरेठ ने 4 विकेट तथा परिवेश धर ने 2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने मैच 21 रनों से जीत लिया। दूसरा सेमी फायनल मैच रायगढ तथा जांजगीर चांपा के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। जिसमें रायगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 18.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर मात्र 93 रन ही बनाये। रायगढ की ओर से राहुल नायक ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से आदित्य यादव ने 4 विकेट तथा दुर्गेश सोनवानी ने 3 विकेट चटकाये। 94 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जांजगीर चांपा ने 16.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर आसानी से 94 रन बना लिये तथा मैच 6 विकेट से जीत लिया। जांजगीर चांपा की ओर से आयुष शर्मा ने नाबाद 27 रन बनायें रायगढ की ओर से परमात्मा पांडे ने 2 विकेट प्राप्त किये। जांजगीर चांपा ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### राजसिंह डुंगरपुर ट्रॉफी का मुकाबला मध्य प्रदेश ने 10 विकेट से जीता

**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी में सेन्ट्रल जोन की 6 टीमें छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा विदर्भ की टीम हिस्सा ले रही है।



छत्तीसगढ़ का पहला मैच (20-21 अप्रैल) मध्य प्रदेश के विरुद्ध देहरादून में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 79.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 217 रन बनाये। मध्य प्रदेश की ओर से युवराज सिंह चौहान ने 102 रन तथा केविन जोसेफ ने 44 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से अंकुश कुमार ने 4 विकेट तथा आर्या ध्रुव ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 111 रन ही बनाए। जिसमें सोहम सिंह ने सर्वाधिक 27 रन बनाये। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से प्रिंस कुमार ने 6 विकेट झटके। फॉलोआन खेलने उतरी छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 23 ओवरों में 10 विकेट खोकर 124 रन ही बना सके। छत्तीसगढ़ की ओर से अंकुश ने सर्वाधिक 33 रनों का योगदान दिया। वहीं मध्य प्रदेश की ओर से प्रिंस कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किये। 19 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश ने केवल 3 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 20 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया । मध्य प्रदेश ने 10 विकेट से जीत प्राप्त की।

### राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल में छत्तीसगढ़ की बालक टीम की जीत से शुरुआत

**रायपुर।** 68 वीं राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में 22 से 27 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ बेसबॉल 17 वर्ष के बालक-बालिका टीम भाग ले रहे है।



छत्तीसगढ़ टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि उद्घाटन मैच में बालक टीम ने गुजरात को 05/01 से हराकर आगाज किया। जिसमें सूरज संतराम और यश योगेश ने अपनी टीम के लिए एक-एक रन बनाए। छत्तीसगढ़ बालक टीम का अगला मैच 25 अप्रैल को पूल की तीसरी टीम तेलंगाना से होगा। वही छत्तीसगढ़ बालिका टीम का पहला मैच 24 अप्रैल को गुजरात से और 25 अप्रैल को उड़ीसा से होगा। टीम के जीत पर सहायक संचालक अनिल मिश्रा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अवध चंद्राकर, बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, दल के प्रमुख प्रबंधक मृत्युंजय शर्मा, दिनेश वर्गीस, विजय पांडेय, लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप ग़ाहिरे, गीता यादव, तरन्नुम खान, प्राची शर्मा, नेहा यादव और योगेंद्र यादव ने शुभकामनाएं दी।


---

## शरीर में कैल्शियम की 'गंभीर कमी' कभी न आने दें

# कैल्शियम की कमी को हल्के में न लें, हड्डियों-दांतों के साथ आपके शरीर के लिए इसकी बेहद जरूरत

हड्डियों-दांतों में मौजूद होता है लगभग 95% कैल्शियम, पर इन दो चीजों के कारण से हो सकती है। हड्डियों-दांतों को स्वस्थ रखने के लिए बचपन से ही आहार में कैल्शियम वाली चीजों की मात्रा बढ़ाने की सलाह दी जाती रही है। यही कारण है कि सभी उम्र के लोगों, विशेषकर बच्चों-बुजुर्गों को रोजाना दूध जरूर पीना चाहिए। दूध से शरीर के लिए जरूरी कैल्शियम की अधिकतर मात्रा की पूर्ति की जा सकती है।

क्या आप जानते हैं कि हमारी हड्डियों-दांतों में पूरे शरीर का लगभग 90-95% कैल्शियम स्टोर होता है। हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए हमें रोजाना कैल्शियम की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं हृदय, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को भी ठीक से काम करने के लिए भी कैल्शियम जरूरी है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि इससे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के जोखिमों को कम करने में भी मदद मिल सकती है। पर क्या आप जानते हैं कि आपके खान-पान और लाइफस्टाइल की ही कुछ गड़बड़ियां शरीर में कैल्शियम मात्रा को कम कर सकती हैं?



### कैल्शियम की कमी के कारण

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कैल्शियम की मात्रा कैसे बढ़ाई जाए इसको लेकर तो हम सभी अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर क्या कभी इस बारें में सोचा है कि कुछ चीजों कैल्शियम को शरीर से बाहर भी निकाल सकती हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों को किडनी की दिक्कतें होती हैं- जैसे रेनल फेलियर या क्रोनिक किडनी विकार वाले लोगों में कैल्शियम की कमी होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा शोधकर्ताओं ने बताया कि अगर आप नमक का अधिक मात्रा में सेवन करते हैं तो इससे भी कैल्शियम की कमी और हड्डियों को क्षति पहुंचने की समस्या हो सकती है।

### ज्यादा नमक है हानिकारक




तमाम अध्ययनों में विशेषज्ञ सलाह देते रहे हैं कि आहार में नमक की मात्रा कम करना जरूरी है। नमक की अधिकता के कारण ब्लड प्रेशर और हार्ट की दिक्कतों का खतरा हो सकता है। पर क्या आप जानते हैं कि अधिक मात्रा में नमक का सेवन पेशाब के माध्यम से कैल्शियम को बाहर निकालने लगता है। इसके अलावा नमक की अधिक मात्रा हड्डियों के क्षरण की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में नमक की मात्रा कम से कम रखने की सलाह देते हैं।

### धूम्रपान से हो सकते हैं नुकसान

नमक की ही तरह से शरीर में कैल्शियम की मात्रा को प्रभावित करने के लिए धूम्रपान की आदत को भी एक कारक माना जाता है। सिगरेट में मौजूद निकोटीन हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं, जिन्हें ऑस्टियोब्लास्ट कहा जाता है उसके उत्पादन को धीमा कर देता है। धूम्रपान से शरीर में कैल्शियम का अवशोषण भी कम हो जाता है, जो महत्वपूर्ण सेलुलर कार्यों और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए




आवश्यक है। यानी कि कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने के लिए नमक का सेवन कम करना और सिगरेट से बिल्कुल दूरी बनाना जरूरी है।

### कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाने पर दें ध्यान

अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि हड्डियों और दांतों को स्वस्थ रखने के लिए कैल्शियम का सेवन बढ़ाना तो जरूरी है ही साथ ही इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कैसे बढ़ाया जा सकता है? इसके लिए जरूरी है कि कैल्शियम के साथ आहार में विटामिन-डी वाली चीजों को भी शामिल किया जाए। पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी के बिना, हमारा शरीर ठीक तरीके से इस पोषक तत्व को अवशोषित नहीं कर पाता है।

---



## गर्मियों में घर से बाहर निकलना हो चुका बंद तो इन एक्टिविटी से खुद को रखें फिट

गर्मियों के दिनों में सुबह होते ही तेज धूप निकल आती है जो देर शाम तक ही जाती है। ऐसे में लोगों का घर से निकलना आमतौर पर बंद हो जाता है और इसका सबसे बड़ा प्रभाव लोगों की सेहत पर पड़ता है। असल में गर्मियों में शारीरिक रूप से सक्रिय रह पाना मुश्किल हो जाता है और इसके कारण कई सारी समस्याएं पेश आती है। ऐसे में अगर आपके लिए भी इन दिनों खुद को फिट रहना मुश्किल हो रहा है तो यह आर्टिकल आपके काम आ सकता है।

यहां हम आपको कुछ ऐसी ही गतिविधियों के बारे में बता रहे हैं, जो गर्मियों में आपको एक्टिव और फिट बनाए रखने में मददगार हो सकते हैं। असल में गर्मियों में घर से बाहर निकलकर रनिंग और एक्सरसाइज जैसी दूसरी एक्टिविटी करने में मुश्किल पेश आती है। इसलिए इन दिनों के लिए ऐसी एक्टिविटी बेहतर होती हैं, जिन्हें घर में आसानी से किया जा सके। यहां हम ऐसी ही एक्टिविटी के बारे में बता रहे हैं, जिन्हे आप घर में आसानी से कर सकते हैं।

### ताई ची मार्शल आर्ट



'ताई ची' एक चीनी मार्शल आर्ट है जो आत्मरक्षा के साथ-साथ लाभ के लिए भी जाना जाता है। बता दें कि 'ताई ची' को 'शैडो बॉक्सिंग' के नाम से भी जाना जाता है। असल में इसमें प्रतिकात्मक रूप में मार्शल आर्ट की विभिन्न मुद्राएं की जाती हैं, इसके साथ रही ध्यान को केंद्रित करने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में यह शारीरिक और मानसिक दोनों ही रूप से स्वास्थ्य के लाभकारी सिद्ध होता है। ताई ची के दौरान आपको हाथों और पैरों को धीरे-धीरे से मूव करना होता है। इस दौरान संतुलन साधते हुए शरीर को स्थिर करना पड़ता है। ऐसे में ताई ची के अभ्यास से शरीर में लचीलापन आता है और आपका बॉडी पोस्चर बेहतर होता है। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे घर में आसानी से कर सकते हैं, लेकिन इसके लिए आपको किसी मार्शल आर्ट विशेषज्ञ से इसका अभ्यास सीखना होगा।

### एक्वा एरोबिक्स

गर्मियों में अगर आपको हेवी एक्सरसाइज में पसीना बहाना अच्छा नहीं लगता है तो फिर आपके लिए एक्वा एरोबिक्स अच्छा विकल्प हो सकता है। दरअसल, इसमें स्विमिंग पूल में पानी के अंदर एरोबिक्स एक्सरसाइज के मूवमेंट्स करने होते हैं। ऐसे में इससे मांसपेशियों को मजबूती मिलती है और बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। वहीं पानी के अंदर रहने से शरीर का तापमान आसानी से कम हो जाता है, जिससे गर्मी से उपजी समस्याओं का खतरा कम होता है।

### बागवानी

गर्मियों में खुद को एक्टिव रखने के लिए बागवानी भी अच्छा विकल्प है। इसके जरिए आपको प्रकृति के साथ समय बिताने का मौका मिलता है, जो आपके मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए लाभकारी होता है।



---

## एलआईसी की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में प्रमोद और सृष्टि विजेता




**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के क्रीडा एवं मनोरंजन कक्ष में किया गया। पुरूष वर्ग में शाखा कार्यालय राजनांदगांव के प्रमोद पाटिल एवं महिला वर्ग में शाखा कार्यालय भिलाई-2 की सृष्टि वर्मा विजेता बनी।इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल के प्रबंधक (आई.टी.) एवं सेलेक्शन समिति के चेयरमेन नीलमणी द्विवेदी थे एवं मंच पर रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन महासचिव सुरेंद्र शर्मा, सलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज एवं मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता के परिणाम में पुरुष वर्ग प्रथम प्रमोद पाटिल (राजनांदगांव), द्वितीय ललित वर्मा (मंडल कार्यालय रायपुर), तृतीय सुभाष साहू (मंडल कार्यालय रायपुर),महिला वर्ग प्रथम सृष्टि वर्मा (भिलाई -2), द्वितीय अनुसूइया ठाकुर (मंडल कार्यालय रायपुर) , तृतीय मीनल त्रिवेदी (रायपुर-3), प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेता हुए खिलाड़ियों का चयन आगामी आयोजित होने वाली ₹मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है, जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता एवं सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे। मध्य क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय कैरम प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक नेशनल अम्पायर रफीक अहमद एवं सहायक अम्पायर ए.एन. मणि थे। इस अवसर पर विजय तिरपुडे, मोहन साहू, अगेश्वर साहू, सूरज दीप एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## कच्चे आम की ऐसी चटनी आपने कभी खाई नहीं होगी

यदि आपको भी चटाकेदार भोजन करना पसंद है तो अपने खाने के साथ आम की चटनी तैयार करें। खट्टे आम की चटनी बनाने के लिए सबसे पहले तो कच्चे आम को अच्छी तरह से धोकर उसे छील लें। छीलने के बाद इसकी गुठली निकालकर इसे छोटा-छोटा काट लें। जब कच्चे आम को छोटे टुकड़ों में काट लें तो उसके बाद हरा धनिया और पुदीना भी अच्छी तरह से धोकर उसे भी काट लें। इसके बाद हरी



मिर्च को भी काट कर एक कटोरे में रख लें।

ब सारा सामान रेडी हो जाए तो एक ब्लेंडर में सभी सामानों को डाल दें। इसके बाद इसमें स्वाद के अनुसार नमक, काला नमक, भुना जीरा और हींग डालें। अब थोड़ा सा पानी डालकर इसे मिक्सी में चला दें। जब ये पूरी तरह से ब्लेंड हो जाए तो मिक्सी को बंद करके चटनी को एक कांच के बाउल में निकाल लें। चटनी को तैयार करने के बाद आप इसका सेवन घर की बनी चाट के साथ कर सकते हैं। भरवां पराठे के साथ भी ये कच्चे आम की चटाकेदार चटनी स्वादिष्ट लगेगी। इसके अलावा आप चाहें तो इसे दाल-चावल के साथ भी खा सकते हैं।

## लंबे ब्रेक के बाद जिम जा रहे हैं तो कुछ जरूरी टिप्स याद रखें, मोटिवेशन के साथ आपकी राह होगी आसान

यदि आप अपने सोशल मीडिया अकाउंट को स्क्रॉल किए बिना सो नहीं सकते हैं, तो आपको इस आदत को बदलने की जरूरत है। क्योंकि सोशल मीडिया वजन कम करने में आपकी मदद नहीं करेगा, बल्कि इसके लिए आपको जिम जाना होगा। नियमित तौर पर सुबह जिम जाने के लिए जल्दी सोना और जल्दी उठना होगा। नींद पूरी नहीं होने पर आप सोचते हैं कि आज सो लेता हूं कल पक्का जाऊंगा। लेकिन ऐसा कुछ दिन तक होने पर आप जिम नहीं जा पाते। जब आप नींद पूरी कर लेते हैं तो अगले दिन थका हुआ, आलस्य या बेचैन महसूस नहीं करते। इसलिए, हर दिन समय पर सोने के लिए एक रूटीन बनाएं ताकि आप अगली सुबह जल्दी उठ सकें। फिटनेस रूटीन शुरू करना आसान है। लेकिन उसे लंबे समय तक फॉलो करना मुश्किल है। आप रेग्युलर जिम जाना चाहते हैं तो आपको एक जिम पार्टनर की जरूरत पड़ेगी। पार्टनर के साथ जिम जाना अच्छा आइडिया है। किसी दोस्त को अपने साथ जिम जाने के लिए तैयार करें। या किसी ऐसे व्यक्ति से दोस्ती करें जो पहले से ही आपके जिम जाता है। फिर देखिए किस तरह आपका रूटीन लाइन पर आता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

दुकान एक कुलर अनेक
Sunday Open
कूलर हाउस
रूम-विन्डो हॉल, डक्टिंग, इण्डस्ट्रीयल कूलर
75 नये माडलों के साथ विशाल शो-रूम
रूम ठंडा करने की गांरटी फीटिंग के साथ
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ट्रॉन एरेस का ट्रेलर अपलोड होते ही छा गया, इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी

हॉलीवुड में साइंस फिक्शन फिल्में बड़ी तादाद में बनती हैं। इस लिस्ट में फिल्म ट्रॉनः एरेस का नाम भी शामिल है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। ट्रेलर



को दर्शकों ने काफी सराहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में इतना उत्साह है कि इसके ट्रेलर पर दो दिन में ही लाखों में व्यूज आ चुके हैं। डिज्नी की फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर सोशल मीडिया खासकर यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। इस फिल्म को दो दिन में लगभग आठ लाख व्यूज मिले हैं। 17 हजार कमेंट्स भी आए हैं। दर्शकों ने कमेंट सेक्शन में फिल्म को लेकर काफी उत्साह दिखाया है। फिल्म ट्रॉनः एरेस का ट्रेलर देखकर, इसके वीएफएक्स को देखकर दर्शक काफी प्रभावित नजर आए। कई ऐसे दर्शक हैं, जिनकी इस सीरीज की फिल्मों से बचपन की ढेर सारी यादें जुड़ी हैं। यूट्यूब पर रिलीज हुए ट्रेलर के कमेंट सेक्शन में एक यूजर लिखता है, 'ट्रॉन से मेरा बचपन जुड़ा है, मेरे दोस्त मुझे ट्रॉन कहकर बुलाते थे। मैंने यह ट्रेलर कितनी बार देखा, मुझे पता ही नहीं है। कृपया डिज्नी वालों से उम्मीद है कि इस आने वाली फिल्म को बेहतरीन बनाएंगे।' एक अन्य यूजर लिखता है, 'इस फिल्म की थीम पर बनी गेम को मैं 2018 में पीएस4 पर खेला करता था।' फिल्म ट्रॉनः एरेस के ट्रेलर को सराहते हुए कई कमेंट्स यूजर्स ने किए हैं। फिल्म ट्रॉनः एरेस को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। जहां तक इस फिल्म की रिलीज डेट का सवाल है तो यह 10 अक्टूबर 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भारत में भी हॉलीवुड फिल्मों का बड़ा बाजार है तो भारतीय दर्शकों को भी इस फिल्म का इंतजार है। यह फिल्म 'ट्रॉन' सीरीज की तीसरी कड़ी है।

### टॉलीवुड

## 'कुबेर' के गाने 'पोइरा मामा' से शुरू हुआ प्रमोशन, धनुष ने गीत को दी आवाज

साउथ अभिनेता धनुष की आगामी फिल्म 'कुबेर' का पहला गाना 'पोइरा मामा' रिलीज हो चुका है, जिसमें धनुष का डांस देखकर फैंस अपनी प्रतिक्रिया



लगातार दे रहे हैं। इस गाने को एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया गया है।

'कुबेर' के निर्देशक शेखर कम्मुला हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा अक्किनेनी नागार्जुन भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। वहीं इसके पहले गाने 'पोइरा मामा' को धनुष ने अपनी आवाज से सजाया है। टीम ने आधिकारिक तौर पर पहले सिंगल ₹पोइरा मामा₹ की रिलीज के साथ फिल्म का प्रमोशन आज शुरू कर दिया है। धनुष ने गाने ₹पोइरा मामा₹ को खुद तेलुगु भाषा में गाकर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने को देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है। इस गाने के बोल को भास्कर भटला ने लिखा है। इस गाने की गंभीर थीम के बावजूद, यह ट्रैक फैंस को पसंद आ रहा है। इस गाने को जानी मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है। इस गाने में धनुष के डांस मूव्स फैंस को बेहद पसंद आ रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'पूरी तरह ऊर्जा से भरा हुआ", एक और फैन ने लिखा, "भाई तुमने फिर से धमाल मचा दिया" इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कुबेर 20 जून, 2025 को कई भाषाओं में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## 'चार फेरे सात वचन' का दमदार टीजर पुलिस की वर्दी में आम्रपाली की धाकड़ एंट्री

निरहुआ और आम्रपाली दुबे की नई फिल्म 'चार फेरे सात वचन' के टीजर की चर्चा हो रही है। यह टीजर रिलीज होते ही फैंस के बीच छा गया है। जहां



निरहुआ का रोल सस्पेंस भरा है, वहीं आम्रपाली दुबे पुलिस अफसर बनी हैं। फैंस दोनों की तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्मों की स्टार जोड़ी यानी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर धमाल मचाएंगे। दोनों फिल्म 'चार फेरे सात वचन' में नजर आएंगे, जिसका टीजर हाल ही रिलीज किया गया। टीजर में निरहुआ आम्रपाली ने अपनी केमिस्ट्री से आग लगा दी है, और फैंस तारीफ कर रहे हैं। फिल्म में अक्षरा सिंह भी अहम किरदार में हैं। 'चार वचन सात फेरे' के टीजर की शुरुआत पुलिस की वर्दी में आम्रपाली दुबे से होती है। पुलिस अफसर बन आम्रपाली बाइक पर एंट्री करती हैं। दूसरी ओर निरहुआ को दिखाया जाता है। टीजर देखकर लग रहा है कि उनका रोल काफी सस्पेंस भरा होगा। उनकी दो शादियों का भी ट्विस्ट है। 'चार वचन सात फेरे' का टीजर देख फैंस ने तारीफ की है। एक ने लिखा है, 'अक्षरा सिंह और निरहुआ की जोड़ी हिट है।' एक और कमेंट है, 'मूवी तो एकदम ब्लॉकबस्टर होगी।' एक ने लिखा है, 'निरहुआ नंबर वन स्टार, धमाल मचा दिया।' फैंस अब इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'चार फेरे सात वचन' एक खूबसूरत प्रेम कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। मेकर्स का दावा है कि उसमें रिश्तों की गहराई, वचनों की पवित्रता और जीवन के उतार-चढ़ाव को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ का एक्शन अवतार भी नजर आएगा। वहीं, आम्रपाली दुबे एक धाकड़ पुलिसवाली के रोल में हैं।

## कल की फिक्र

## लाइफ स्टाइल



"फैशन उद्योग में भी भविष्य की चिंता समाहित होती है। इस वजह से अब रिसाइकिल फैशन का चलन बढ़ते जा रहा है। दरअसल, सस्ते तरीकों और तकनीकों का इस्तेमाल करके बनाए गए कपड़ों का अत्यधिक उत्पादन और इनकी अत्यधिक खपत पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है। एक बार इस्तेमाल कर फेंक देने की आदत के चलते कपड़ों के कचरे का अम्बार बढ़ रहा है। ऐसे में अब लोग पुनः उपयोग, रीसाइकिलिंग और अपसाइक्लिंग करके फैशन को नए ढंग से अपना रहे हैं।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद रूखेपन से हैं परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

अगर आप भी बालों में मेहंदी लगाते हैं तो बालों को खराब होने से बचाने के लोए उन्हें नरिश करना चाहिए। इसलिए बालों में केवल मेहंदी लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि मेहंदी लगाने के बाद डीप कंडिशनरिंग भी करनी होगी। बालों में मेहंदी लगाने के बाद कैसे दें बालों को नरिशमेंट और बनाएं मुलायम व सिल्की, यह आपको जानना चाहिए।



### मिलाएं आंवला पाउडर और दही

मेहंदी लगाते समय ही आप बालों के डीप कंडिशनिंग का ख्याल रख सकते हैं। इसके लिए मेहंदी में आंवला पाउडर मिला लीजिए। इसमें दही या अंडे में से कोई एक चीज भी मिलाएं। इस तरह से मेहंदी लगाने से बालों में रूखापन नहीं आता। वैसे मेहंदी में आंवले का तेल या बादाम का तेल भी मिला सकते हैं।

### बालों में लगाएं दही का पैक

मेहंदी लगाने से बालों के रूखेपन को दूर करने के लिए दही का उपयोग करें। दही बालों के लिए रामबाण है, रूखेपन के अलावा बालों से डैंड्रफ को भी निकालता है। बालों में दही लगाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी दही में दो चम्मच ऑलिव ऑयल या नारियल का तेल मिला लें। फिर नींबू की कुछ बूंदें डालकर मिला लें। अब दही का ये मिश्रण बालों पर करीब आधा घंटा लगाकर छोड़ दें। बाद में माइल्ड शैंपू से बालों को अच्छे से धो लें।

### केले का हेयर पैक कैसे बनाएं

मुलायम बालों के लिए आप केले का हेयर पैक भी बना कर लगा सकते हैं। इसे बनाना आसान है। सबसे पहले एक केला, एलोवेरा और दो चम्मच कोई भी हेयर ऑयल लेकर मिक्सर में डालकर बारीक पेस्ट बना लें। आधा से एक घंटा इसे बालों पर लगाएं। फिर बालों को धो लें।

## रॉयल लुक के लिए अपने कलेक्शन में शामिल करें इन रंगों के कपड़े



जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।



अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

### पेस्टल रंग

इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

### रॉयल ब्लू

ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

### एमरॉल्ड ग्रीन

हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता है।

## आरामदायक कपड़ों में दिखना है खूबसूरत तो गर्मी के मौसम में पहनें इस तरह के सूट




अप्रैल का महीना लगते ही गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में लोग अपने खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव करते हैं। अगर ये बदलाव न किया जाए तो कई तरह की शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। गर्मी के इस मौसम में लोग ऐसे कपड़े पहनना पसंद करते हैं, जो शरीर को राहत पहुंचाएं। इस मौसम में ज्यादातर लोग कॉटन, लिनन, और रेयॉन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। इन कपड़ों को पहनने के बाद आपको किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। लड़के तो गर्मी के अनुसार टीशर्ट और जींस पहन लेते हैं, लेकिन लड़कियों को कपड़े पहनने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। अगर आपको सूट पहनना पसंद है, तो हम आपको सूट के कुछ ऐसे डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मी के मौसम के लिए परफेक्ट हैं। इस तरह के सूट पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी और आपका स्टाइल भी खूबसूरत दिखेगा।

गर्मी के इस मौसम में अगर आप इस तरह की शिफॉन का अनारकली सूट पहनेंगी, तो आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा।

## पसीने में बदबू से परेशान हैं तो नहाने के पानी में मिलाए इसे

अगर आपके शरीर से भी पसीने की तेज गंध आती है, तो अपने नहाने के पानी में आप रसोई में मौजूद इन चीजों को मिक्स कर सकती हैं। इससे आपको बहुत फायदा मिलेगा।



### नींबू के छिलके आएंगे काम

नींबू की सुगंध पसीने की दुर्गंध को कम कर सकती हैं। इसके लिए आप नींबू का रस पानी में मिक्स कर सकती है या आप नींबू के छिलकों को पानी में भिगोकर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। नींबू न हो तो आप लेमन एसेंशियल ऑयल की 5 बूंदें पानी में डालकर उससे भी नहा सकती हैं। इस उपाय को नियमित अपनाने पर आपको बहुत फायदा मिलेगा।

### मोगरे के फूल से मिलेगी मदद

मोगरे के फूल की खुशबू के आगे कोई सुगंध या दुर्गंध नहीं टिक पाती है। ऐसे में आप नहाने के पानी में 2 मोगरे के फूल भी डाल देती हैं, तो पूरे पानी से खुशबू आने लग जाती है। आप रात में सोने से पहले फूल को नहाने के पानी में डाल दें और सुबह उठकर उसी पानी से नहा लें। ऐसा नियमित करेंगी, तो शरीर से पसीने की बदबू आना बंद हो जाएगी।

### संतरे का छिलका डालें

नहाने के पानी में आप संतरे का छिलका यदि डाल देती हैं, तब भी पानी में संतरे जैसी महक आने लग जाती है और आप इस पानी से जब नहाती हैं, तो शरीर से जो दुर्गंध आ रही है, वह दूर हो जाती है।

## कार्नर न्यूज

### बिना सोचे-समझे बालों में रिबॉडिंग कराना होता है गलत, पहले करें विचार

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट

पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए।

इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।

### नुकसान के लिए रहो तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है।

नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो



आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें.

### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।



### हीट ट्रीटमेंट से रहें दूर

रिबॉन्डिंग के बाद आपको किसी भी तरह के हीट ट्रीटमेंट से दूर रहना होगा। अगर आप ड्रायर या स्ट्रेटनर इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें बंद करना होगा, क्योंकि इससे बालों को ज्यादा नुकसान होगा।

